डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

मीडिया दृष्टिकोण

वर्ष : 10 > अंक : 02 > मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08

# हिलव्यू समाचार

सकारात्मकता जीवन को सरल बनाती है।
-शालिनी श्रीवास्तव

website: www.hsnews.in

साप्ताहिक समाचार पत्र

जयपुर, बुधवार, 28 जून 2023

# कांग्रेस के इन नेताओं की होगी छुट्टी, युवाओं के सबसे ज्यादा चांस

**विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही टिकटों को लेकर मंथन शुरू हो गया है। कांग्रेस की ओर से इस बार टिकट पाने वाले उम्मीदवारों के तय हुए पैमाने से जहां युवाओं के चांस बढ़ेंगे वहीं 50 से ज्यादा एज वाले नेताओं के टिकट कटने वाले हैं।**



**शालिनी श्रीवास्तव**

**जयपुर**। राजस्थान में कांग्रेस सरकार कैसे भी रिपीट हो। इसके लिए कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव को लेकर टिकट बांटने का एक फॉर्मूला तय किया है। नए फॉर्मूले से 50 वर्ष से अधिक आयु के कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के इस बार चुनाव में टिकट काटने की सम्भावना हैं। इस बार कांग्रेस राजस्थान में सरकार बनाने के रिवाज को बदलने को लेकर पूरे मूड में है। इस नए फॉर्मूले के तहत 50 वर्ष से कम आयु के नेताओं की टिकट मिलने की आस पूरी हो सकती है। इसको लेकर गत दिनों उदयपुर में 50 वर्ष से कम आयु के नेताओं को टिकट देने की घोषणा की गई थी। लेकिन अब कांग्रेस पार्टी 2024 में इसे लागू करने की बजाय इसी सत्र में विधानसभा चुनाव में लागू करने वाली है। जिसके बाद कांग्रेस के कई नेताओं की गणित बिगड़ सकती हैं।

### सर्वे में 30 विधायकों के ख़िलाफ़ नाराज़गी सामने आई

कांग्रेस पार्टी की ओर से करवाए गए सर्वे में राजस्थान के 30 विधायक जिनके खिलाफ जनता में जमकर नाराजगी हैं। इसको लेकर पार्टी ने सूची तैयार कर ली। जिनके नाम सालासर में होने वाली कांग्रेस की कार्यशाला में दे दिए जाएंगे। सर्वे रिपोर्ट के बाद कांग्रेस पार्टी ने माना कि 30 परसेंट विधायक ही अपनी जीत को दोहरा पाते हैं। इसके अलावा जो विधायक दो बार जीत चुका होता है। उसका फिर वापस जीत दर्ज करना मुश्किल होता है।

### कांग्रेस सरकार को हर हाल में रिपीट करना है

राजस्थान में सरकार रिपीट करवाने को लेकर कांग्रेस काफी गंभीर है। इस बार पार्टी का यही नारा है कि जैसे भी हो कांग्रेस सरकार वापस रिपीट हो। इसके लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने राजस्थान में कई तरह के सर्वे करवाएं। इसमें सामने आया कि जनता कांग्रेस के कामकाज को लेकर खुश है। लेकिन जनता की कांग्रेस विधायकों के खिलाफ नाराजगी हैं। इसी को देखते हुए कांग्रेस ने जोड़, गुणा, भाग से यह फॉर्मूला तैयार किया है। जिसके बाद 50 वर्ष से अधिक आयु के कांग्रेस के कई नेताओं की इस चुनाव में छुट्टी हो जाएगी।

### टिकट कटने पर बोर्ड, आयोग अध्यक्ष में मिलेगी जगह

इस बार विधानसभा चुनाव में 50 वर्ष से अधिक आयु के नेताओं के टिकट काटने के बाद पार्टी उन्हें नाराज भी नहीं करना चाहती है। ऐसे में सरकार रिपीट होने पर ऐसे वरिष्ठ नेताओं को बोर्ड, निगम अध्यक्ष बना कर संतुष्ट किया जाएगा। आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो, गहलोत सरकार में 29 मंत्री और बोर्ड आयोग निगम में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के 69 पद हैं। इनमें 30 पदों को राज्यमंत्री का दर्जा दिया हुआ है। जबकि 4 पद कैबिनेट मंत्री स्तर के हैं। इसके अलावा सरकार में छह सलाहकार पद है।

### बड़े उम्र के लोगों को घर से थोड़ी निकाला जाता है

विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से तैयार किए गए फार्मूले पर राजस्थान प्रभारी रंधावा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं भी 62 वर्ष का हूं तो, फिर मेरे साथ पार्टी को क्या करना चाहिए। क्या उम्र में बड़े लोगों को घर से बाहर निकाल दिया जाता है। उन्होंने आगे का कहा जो चुनाव नहीं लड़ना चाहते। वो ना लड़े, लेकिन बड़ी उम्र के अनुभवी लोगों को बाहर थोड़ी निकाला जाता है। राजनीति में उम्र की कोई कट ऑफ नहीं होती।

## BJP की तिकड़ी ने बनाया राजस्थान चुनाव को लेकर फुलप्रूफ प्लान

# मेवाड, मारवाड़ और ब्रज क्षेत्र में जानिए कितनी मिलेगी बढ़त

**राजस्थान में चुनाव सिर पर हैं। ऐसे में बीजेपी ने भी जीत के लिए कमर कस ली है। प्रदेश के मेवाड, मारवाड़ और ब्रज क्षेत्र में मजबूत पकड़ बनाने के लिए बीजेपी ने बड़ा प्लान बनाया है। इसके तहत जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सिलसिलेवार दौरे करेंगे।**

**जयपुर (कुलदीप गुप्ता)**। राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया है। 4 महीने बाद होने वाले चुनाव को लेकर बीजेपी आलाकमान ने अपनी रफ्तार तेज कर दी है। इसको लेकर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राजस्थान के ताबड़तोड़ दौरे करेंगे। तीनों नेताओं के दौरे इस माह के अंतिम 28, 29 और 30 जून को होंगे। जिनमें ये नेता कई सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के तीनों दिग्गज नेताओं के राजस्थान में दौरों को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिसके माध्यम से तीनों दिग्गज नेता राजस्थान के मेवाड़, मारवाड़ और ब्रज क्षेत्र के मतदाताओं की साधने की पूरी कोशिश करेंगे।



### पिछले चुनाव के बाद BJP ने लिया सबक

विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी काफी गंभीर दिखाई दे रही है। पिछले चुनाव 2018 में भाजपा उन गलतियों से सबक ले रही है। जिससे उन्हें नुकसान पहुंचा था। पिछली बार पूर्वी राजस्थान में भाजपा को काफी नुकसान पहुंचा। इसलिए इस बार बीजेपी की पूर्वी राजस्थान की सभी सीटों पर खास नजर बनी हुई है।भरतपुर संभाग से आने वाली सीटों में पिछली बार बीजेपी का खाता तक नहीं खुला। भरतपुर संभाग में 4 जिले आते हैं। इसके अलावा 19 विधानसभा की सीटें हैं। पिछली बार हुए चुनाव में यहां से बीजेपी का सूपड़ा साफ हो गया था। इसी के चलते पूर्वी राजस्थान को साधने की इस बार बीजेपी की पूरी कोशिश है।

**मारवाड़ की कमान संभालेंगे रक्षा मंत्री राजनाथः** राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र में भाजपा की स्थिति मजबूत हो। इसके लिए देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जोधपुर से 28 जून को चुनावी सभा का आगाज करेंगे। इस दौरान शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बालेसर में राजनाथ सिंह चुनावी बिगुल बजाएंगे। बता दे कि जोधपुर संभाग में 6 जिले आते हैं। इनमें जैसलमेर, बाड़मेर, पाली, जालौर, सिरोही और जोधपुर शामिल है। विधानसभा सीटों की बात की जाए तो, जोधपुर संभाग में कुल 33 सीटें हैं। इसके अलावा जोधपुर संभाग मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के क्षेत्र से आता है। ऐसे में भाजपा की जोधपुर संभाग पर विशेष नजर बनी रहेगी।

**मेवाड़ में गृह मंत्री अमित शाह की रहेगी नजरः** बीजेपी के एक्शन प्लान के तहत उदयपुर संभाग पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की पूरी नजर रहेगी। हालांकि उदयपुर संभाग को भाजपा का सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है। लेकिन बीजेपी के कद्दावर नेता गुलाबचंद कटारिया के असम राज्यपाल बनने के बाद उनकी जगह खाली हो गई है। लिहाजा इस कमी को पूरी करने के लिए अमित शाह खुद 30 जून को उदयपुर संभाग की कमान संभालेंगे। जिसके तहत अमित शाह मेवाड़, वागड़ और पूरे आदिवासी क्षेत्र दक्षिणी राजस्थान को साधने की कोशिश करेंगे।

## मुख्यमंत्री का चित्तौड़गढ़ दौरा

# जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से मिल रही आमजन को राहत: मुख्यमंत्री




**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लागू की गई योजनाएं तात्कालिक नहीं बल्कि स्थायी हैं। आगामी दिनों में इन योजनाओं को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महंगाई से त्रस्त आमजन को महंगाई राहत शिविरों के आयोजन से बड़ी राहत मिली है। इन कैम्पों मे मिल रहे 10 योजनाओं के लाभ से प्रदेशवासियों को संबल मिल रहा है। योजनाओं के लाभ से जो बचत होगी उससे लोगों की जरूरत के अन्य कार्य पूरे हो सकेंगे और उनका जीवन सुगम होगा।

गहलोत ने मंगलवार को चित्तौड़गढ़ के कपासन में आयोजित महंगाई राहत कैम्प एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन किया तथा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि महंगाई राहत कैम्पों से अब तक 1.71 करोड़ से अधिक परिवार लाभान्वित हो चुके हैं जबकि 7.39 करोड़ से अधिक गारंटी कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। इन कैम्पों को लेकर आमजन में उत्साह का माहौल है और 30 जून के बाद भी कुछ स्थानों पर कैम्प यथावत जारी रहेंगे।

### योजनाओं के लाभ से मिल रही आमजन को राहत

मुख्यमंत्री ने कहा कि महंगाई वर्तमान समय की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। राज्य सरकार की योजनाओं से आमजन को इस समस्या से काफी राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में पात्र परिवारों को महज 500 रुपए में गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाया जा रहा है। हाल ही में 14 लाख महिला लाभार्थियों के खातों में 60 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई है। मनरेगा योजना के साथ ही इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत शहरों में भी 125 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना के अंतर्गत प्रति परिवार 2 दुधारू पशुओं का बीमा किया जा रहा है। श्री गहलोत ने कहा कि लम्पी रोग से मृत गायों के मुआवजे के रूप में पशुपालकों के खातों में 175 करोड़ की राशि डीबीटी की गई है। ऐसा करने वाला राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है।



## महंगाई राहत कैम्प

# 1.73 करोड़ से ज्यादा परिवार हो चुके लाभान्वित, 7.43 करोड़ से अधिक गारंटी कार्ड जारी

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में आयोजित किये जा रहे महंगाई राहत कैम्प आम जन के लिए राहत का फुल पैकेज साबित हो रहे हैं। एक ही छत के नीचे 10 विभिन्न योजनाओं का लाभ पाकर प्रदेशवासियों के जीवन में बड़ा बदलाव हो रहा है। लगभग दो महीने में ही करोड़ों लोग रजिस्ट्रेशन करवाकर योजनाओं से लाभान्वित हो चुके है। मंगलवार शाम तक 1.73 करोड़ से ज्यादा परिवार इन कैम्पों से लाभान्वित हो चुके हैं, जबकि गांरटी कार्ड वितरण का आंकड़ा भी 7.43 करोड़ से अधिक का हो चुका है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार मंगलवार शाम तक इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 54.42 लाख, मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना में 91.59 लाख, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 11.13 लाख, मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना में 1.02 करोड़, मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 65.96 लाख एवं इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 4.34 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इसी प्रकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 50.72 लाख, मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना में 1.04 करोड़, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 1.29 करोड़ एवं मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 1.29 करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए हैं।

# प्रदेश के 9 लाख स्कूली बच्चों का भविष्य संवारने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की अनूठी पहल 'डायल फ्यूचर' से विद्यार्थी चुनेंगे अपना कॅरियर

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही भावी पीढ़ी के सुनहरे भविष्य की राह तैयार करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने अनूठी पहल करते हुए 'डायल फ्यूचर' (भविष्य की राह) कार्यक्रम की शुरुआत की है। अब प्रदेश के सभी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों का संकाय चयन में मार्गदर्शन करने के साथ कॅरियर काउंसलिंग भी की जाएगी। विद्यार्थियों के भावी जीवन की राह संवारने वाले शिक्षक 'पथ प्रदर्शक शिक्षक' कहलाएंगे।



शिक्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला ने मंगलवार को बीकानेर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम के लोगो, ब्रोशर, बुकलेट और वीडियो का विमोचन किया। प्रदेश के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 15 हजार से अधिक पथ प्रदर्शक शिक्षक एवं विभाग के 500 से अधिक अधिकारी वीडियो कार्फ्रेस के जरिए कार्यक्रम से जुड़े।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति अपने जीवन में कुछ बनना चाहता है और कुछ बनने का माध्यम तालीम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 26 जून से प्रारंभ हुए नए शैक्षणिक सत्र के साथ ही ड्रॉप आउट बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए स्कूल चलो अभियान (प्रवेशोत्सव) चलाया जा रहा है और अब 28 जून से 5 अप्रैल तक दसवीं पास करने वाले बच्चों का विषय चयन में मार्गदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पथ प्रदर्शक शिक्षक बच्चों को सही संकाय चयन के साथ दसवीं के बाद व्यवसायिक शिक्षा की भी जानकारी दें, जिससे वे कार्यशील जनसंख्या का हिस्सा बन सकें। डॉ कल्ला ने कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों के कैरियर चयन की राह आसान होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कला, वाणिज्य एवं विज्ञान के अलावा ललित कला, संगीत, साहित्य, व्यवसायिक प्रशिक्षण, तकनीकी प्रशिक्षण की जानकारी भी दी जाए।

शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती जाहिदा खान ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत प्रदेश के हर बच्चे के भविष्य को संवारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पहले हर बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर या अध्यापक ही बनना चाहता था लेकिन बदलते समय के साथ बच्चों के लिए कॅरियर बनाने की अनेक राहें खुल गई हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक का स्थान ईश्वर से भी ऊपर है। उन्होंने पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने का सभी पथ प्रदर्शक शिक्षकों से आह्वान किया।

समाज के हित में किसी भी सामाजिक, सार्वजनिक मुद्दे पर संपर्क करें - 7976561127

सम्पादकीय

# भारत-मिस्र की रणनीतिक साझेदारी हुई और मज़बूत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका के बाद मिस्र की यात्रा कूटनीतिक रूप से अहम हैं। इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान पीएम ने वहां भारतीय समुदाय से संवाद किया, एतिहासिक अल हाकिम मस्जिद का दौरा किया और यहां हेलियोपोलिस राष्ट्रमंडल युद्ध स्मारक गए। इस सभी का अपना सांस्कृतिक व कूटनीतिक महत्व है। अमेरिका की यात्रा के दौरान भारत में अल्पसंख्यकों को लेकर उठे विरोध के स्वर के बाद पीएम का मिस्र के एतिहासिक मस्जिद जाना अपने आप में आलोचकों को संदेश है। पीएम मोदी को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने अपने देश के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' से सम्मानित किया। यह मिस्र का भारत को सम्मान है। भारत व मिस्र में व्यापार, निवेश व ऊर्जा के क्षेत्र मिलकर काम करने के लिए अहम समझौते भी हुए हैं। 1997 के बाद किसी पीएम की मिस्र यात्रा हुई है। इससे पहले 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सिसी को मुख्य अतिथि के रूप में भारत ने आमंत्रित किया था। विश्व की दो सबसे पुरानी सभ्यताओं- भारत और मिस्र के बीच संपर्क का इतिहास काफी पुराना है और इसका पता सम्राट अशोक के समय से लगाया जा सकता है। अशोक के अभिलेखों में टॉलेमी-द्वितीय के तहत मिस्र के साथ उसके संबंधों का उल्लेख है। आधुनिक काल में महात्मा गांधी और मिस्र के क्रांतिकारी साद जगलुल का साझा लक्ष्य ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता प्राप्त करना था। 18 अगस्त, 1947 को राजदूत स्तर पर राजनयिक संबंधों की स्थापना की संयुक्त रूप से घोषणा की गई थी। वर्ष 1955 में भारत और मिस्र ने एक मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किये। वर्ष 1961 में भारत और मिस्र ने यूगोस्लाविया, इंडोनेशिया एवं घाना के साथ गुटनिरपेक्ष आंदोलन (नाम) की स्थापना की। वर्ष 2016 में भारत और मिस्र ने राजनीतिक-सुरक्षा सहयोग, आर्थिक जुड़ाव, वैज्ञानिक सहयोग तथा लोगों के बीच संबंधों के सिद्धांतों पर एक नए युग के लिये नई साझेदारी बनाने के अपने इरादे को रेखांकित करते हुए एक संयुक्त घोषणापत्र जारी किया था। भारत, मिस्र को मुस्लिम-बहुल देशों के बीच एक उदार इस्लामी देश के रूप में और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) में एक भागीदार के रूप में देखता है। वर्ष 1992 में काहिरा में मौलाना आज़ाद सेंटर फॉर इंडियन कल्चर की स्थापना हुई। यह केंद्र दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देता रहा है। वर्ष 2022 में गेहूँ के निर्यात पर प्रतिबंध के बावजूद भारत ने मिस्र को 61,500 मीट्रिक टन के शिपमेंट की अनुमति दी। मिस्र की भारत से मेट्रो परियोजनाओं, स्वेज़ नहर आर्थिक क्षेत्र, स्वेज़ नहर में दूसरा चैनल और मिस्र में एक नई प्रशासनिक राजधानी सहित बुनियादी ढाँचे में निवेश के लिए सहयोग की अपेक्षा है। 50 से अधिक भारतीय कंपनियों ने मिस्र में 3.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। मिस्र के साथ चीन का द्विपक्षीय व्यापार 15 अरब अमेरिकी डॉलर का है, जो भारत के 7.26 अरब अमेरिकी डॉलर से दोगुना है। पश्चिम एशिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश मिस्र, एक महत्त्वपूर्ण भू-रणनीतिक स्थान पर है क्योंकि वैश्विक व्यापार का 12% स्वेज़ नहर से होकर गुज़रता है जो कि मिस्र का महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है। यह भारत के लिये एक प्रमुख बाज़ार है और यूरोप तथा अफ्रीका दोनों के लिये प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। रणनीतिक रूप से मिस्र भारत के लिए अहम हैं। इस यात्रा से भारत व मिस्र के बीच रणनीतिक व व्यापारिक साझेदारी और मजबूत हुई है।



मिस्र दौरा
डॉ. एन.के. सोमानी

# ग्लोबल साउथ में भारत होगा मज़बूत

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिस्र की यात्रा पर हैं। पिछले डेढ़ दशक के बाद नरेंद्र मोदी पहले ऐसे भारतीय प्रधानमंत्री हैं, जो मिस्र के दौरे पर हैं। इससे पहले साल 2009 में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह गुटनिरपेक्ष देशों की शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए मिस्र गए थे। निःसंदेह, मिस्र के साथ द्विपक्षीय संबंधों में यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जब भारत अपनी सैन्य कूटनीति के फलक पर मध्य पूर्व एवं उत्तर अफ्रीकी देशों के साथ अपने सुरक्षा सबंधों का विस्तार कर रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिस्र दौरा भारत-मिस्र संबंधों के लिहाज से तो अहम है ही भारत की ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत बनाने में भी कारगर साबित होगा।

अमेरिका की राजकीय यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिस्र की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मुलाकात की। सीसी ने उन्हें मिस्र के सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'ऑर्डर ऑफ नाइल' से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा से संबंध और मजबूत होंगे। पीएम मोदी ने मिस्र के पीएम मैडबौली के नेतृत्व में मिस्र मंत्रिमंडल की इंडिया यूनिट के साथ एक राउंड टेबल चर्चा में भी भाग लिया। दोनों ने भारत और मिस्र के मजबूत सांस्कृतिक संबंध और दोनों देशों के बीच लोक संपर्क के मुद्दे पर चर्चा की। इस दौरान दोनों में समाज में सामाजिक और धार्मिक सौहार्द के अलावा आतंकवाद के खिलाफ जंग और कट्टरवाद को लेकर बात हुई। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रवासी के सदस्यों के साथ भी बातचीत की।

कहा तो यह भी जा रहा है कि द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भारत-मिस्र व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर मुहर लगने के साथ-साथ रणनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर भी सहमत हो सकती है। भारत-मिस्र संबंधों के लिहाज से साल 2023 ऐतिहासिक रहा है। ऐतिहासिकता की तीन बड़ी वजह है-प्रथम, इस साल भारत-मिस्र अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे कर चुके हैं। द्वितीय, 75 वर्षों की इस यात्रा को यादगार बनाने के लिए मिस्र के राष्ट्रपति अल-सीसी इसी साल गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि की हैसियत से भाग लेने के लिए भारत आए थे। तृतीय, पिछले डेढ़ दशक के बाद नरेंद्र मोदी पहले ऐसे भारतीय प्रधानमंत्री हैं, जो मिस्र के दौरे पर हैं। इससे पहले साल 2009 में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह गुटनिरपेक्ष देशों की शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए मिस्र गए थे।

मिस्र के साथ भारत के संबंध हमेशा से ही सौहार्दपूर्ण रहे हैं। 15 अगस्त, 1947 को भारत को आजादी मिलने के अगले तीन दिनों में दोनों देशों ने औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित कर लिए थे। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और मिस्र के राष्ट्रपति गमाल अब्देल नासिर के बीच गहरे दोस्ताना संबंध थे। दोनों नेताओं ने यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति जोसिप ब्रोज टीटो के साथ मिलकर गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी थी। रणनीतिक स्तर पर भी दोनों देशों के बीच गहरे संबंध थे। नासिर के कार्यकाल में 1956 के अभूतपूर्व स्वेज संकट के दौरान भारत मिस्र के साथ खड़ा थ। कुल मिलाकर कहें तो 50 और 60 का दशक भारत-मिस्र संबंधों का स्वर्ण काल था, लेकिन 1970 के दशक के उत्तरार्द्ध से जब काहिरा ने सोवियत संघ के नेतृत्व वाले गुट से दूरी बनाते हुए अमेरिका के करीब जाना शुरू किया तो भारत-मिस्र संबंधों में भी शून्यता का भाव भरने लगा। घरेलू मुद्दे और जुदा भू-राजनीतिक विचारों की वजह से शून्यता का यह भाव अगले कुछ दशकों तक बरकरार रहा। कमोबेश यही स्थिति होस्नी मुबारक के शासनकाल में रही। कहा जाता है कि होस्नी जब तक सत्ता में रहे तब तक काहिरा-नई दिल्ली संबंध ठंडे बस्ते में ही रहे। अलग-अलग दौर के भू-राजनीतिक परिदृश्यों के बीच भारत-मिस्र संबंध कमोबेश आगे बढ़ते



रहे हैं। कोविड-19 और उसके बाद आये डेल्टा लहर के भयानक दौर ने द्विपक्षीय संबंधों को ठंडे बस्ते से बाहर निकालने का काम किया। डेल्टा लहर के वक्त मिस्र ने भारत को मेडिकल ऑक्सीजन मुहैया करवाई। मार्च 1978 से दोनों देश मोस्ट फेवर्ड नेशन क्लॉज पर आधारित द्विपक्षीय व्यापार समझौते से बंधे हुए हैं।

हाल के वर्षों में भारत-मिस्र व्यापार संबंधों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 3.15 बिलियन डॉलर के वर्तमान भारतीय निवेश के साथ भारत मिस्र में सबसे बड़े निवेशक के तौर पर उभर कर आया है। भारत की तीन प्रमुख कंपनियों ने मिस्र में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए 18 बिलियन डॉलर के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत, मिस्र से खनिज तेल, उर्वरक, अकार्बनिक रसायन और कपास जैसे उत्पादों का आयात करता है। दूसरी ओर मिस्र भारत को आयरन एंड स्टील, लाइट व्हीकल्स और कॉटन भेजता है। सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, आईटी, फार्मास्युटिकल्स, कृषि, उच्च शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे कई क्षेत्रों में भारत और मिस्र के बीच बहुआयामी साझेदारी मजबूत हो रही है। पिछले कुछ समय से दोनों देश रक्षा और कृषि क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दे रहे हैं। पिछले साल खाद्यन संकट के दौरान भारत ने मिस्र को 61 हजार टन गेहूं का निर्यात किया है, जो निर्यात के लिहाज से अपने आप में एक रिकॉर्ड है। बहुपक्षीय मंचों पर मिस्र के साथ हमारा उत्कृष्ट सहयोग है। क्षेत्रीय और दूसरे वैश्विक मुद्दों पर भी दोनों देशों का साझा दृष्टिकोण है। दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे कर चुके हैं। इसके बावजूद यह प्रश्न परेशान करने वाला है कि अरब जगत की इस बड़ी शक्ति के साथ संबंधों के मामले में भारत अब तक इतना संजिदा क्यों बना रहा। विदेश नीति के मोर्चे पर मिस्र हमारा प्रमुख सहयोगी क्यों नहीं बन सका। यह प्रश्न भी विचारणीय है। सच तो यह है कि मिस्र हमारी विदेश नीति में हमेशा हाशिये पर रहा, लेकिन अब यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद तेजी से बदल रहे वैश्विक परिदृश्य में भारत सामरिक मोर्चे पर मिस्र की अहमियत को समझने लगा है। दूसरा, पीएम मोदी की मिस्र यात्रा की एक बड़ी वजह यह भी कही जा रही है कि भारत ने जी-20 शिखर बैठक में मिस्र को भी आमंत्रित किया है, लेकिन पिछले दिनों मिस्र कश्मीर में हुई जी-20 वर्किंग ग्रुप की बैठक में शामिल नहीं हुआ। चीन, तुर्की और सउदी के प्रतिनिधि भी बैठक में नहीं आए थे। भारत-चीन संबंध जगजाहिर है। कश्मीर मसले पर तुर्की भी भारत का मुखर विरोधी रहा है। ऐसे में भारत की चिंता इस बात को लेकर थी कि कहीं मिस्र चीन के पाले में न चला जाए। मोदी की यात्रा की एक वजह यह भी है कि भारत अपनी लुक वेस्ट नीति के तहत पश्चिम एशिया और अफ्रीका में संभावनाओं के नए द्वार खोलना चाहता है।

जहां तक द्विपक्षीय सहयोग की बात है तो दोनों देश एक-दूसरे के लिए मददगार साबित हो सकते हैं। सैन्य ताकत बनने का इच्छुक मिस्र भारत से सैन्य हेलिकाप्टर, तेजस लड़ाकू विमान, आकाश मिसाइल सहित दूसरे सैन्य उपकरण चाहता है। ब्रिक्स की सदस्यता के लिए भी मिस्र भारत का सहयोग चाहता है दूसरी ओर भारत चीन पर अपनी आयात निर्भरता कम करना चाहता है। ऐसे में मिस्र भारत की खाद और गैस की आपूर्ति में मदद कर सकता है। निःसंदेह, मिस्र के साथ द्विपक्षीय संबंधों में यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जब भारत अपनी सैन्य कूटनीति के फलक पर मध्य पूर्व एवं उत्तर अफ्रीकी देशों के साथ अपने सुरक्षा सबंधों का विस्तार कर रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिस्र दौरा भारत-मिस्र संबंधों के लिहाज से तो अहम है ही भारत की ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत बनाने में भी कारगर साबित होगा।

(लेखक राजनीति-विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विचार
कुमार प्रशांत



# जो इतिहास से सबक नहीं सीखते इतिहास उन्हें सबक सिखाता है!

हमारा इतिहास हमें बताता है कि जब आप गलत मंशा से अपनी आबादी के छोटे हिस्से को भी उकसाते हैं तो देश का बंटवारा हो जाता है, जर्मनी का इतिहास बताता है कि जब आप अपने अधिकांश लोगों को उकसाते हैं, तो ऐसा नरसंहार होता है कि विश्वयुद्ध की आग धधक उठती है, सीरिया, सोमालिया, पाकिस्तान और अफगानिस्तान का इतिहास बताता है कि जब आप पूरी-की-पूरी जनता को उकसा कर उन्मत्त बना देते हैं तो एक कभी न खत्म होने वाला गृहयुद्ध शुरू होता है। देश हिंसक भीड़ में बदल जाता है। जिसमें हर कोई दूसरे को नोच खाने को तैयार रहता है इसलिए यह जरूरी सवाल उठता है कि सरकार नाम की यह जो संस्था हमने बना रखी है, उसका कम-से-कम क्या औचित्य है। हमारा-आपका और हर नागरिक का जवाब एक ही होगाः वह कम-से-कम इतना तो करे कि देश के भीतर कानून, व्यवस्था बनी रहे और देश बाहरी आक्रमणों से सुरक्षित रहे ! जो इतना भी न कर सके वह न तो सरकार बनने लायक है न वह सरकार रखने लायक है।

अपने मणिपुर की खिड़की जब हम देखते हैं तो लगता है कि सरकारों ने अपना औचित्य खो दिया है, मणिपुर की जनता को धर्म-जाति-कबीलों आदि में बांट कर दोनों सरकारों ने आज वहां ऐसी आग लगाई है जिसमें मणिपुर का इतिहास व वर्तमान दोनों धू-धूकर जल रहे हैं और कुछ हैं कि जो दिल्ली व इंफाल में अपनी बांसुरी बजा रहे हैं। हम कहना चाहते हैं कि पिछले कई महीनों से मणिपुर में जो आग धधक रही है, जिस तरह मणिपुरी मैतेई और कुकी जनजातियां एक-दूसरे की जान ले रही हैं। घर-बस्ती जला रही हैं, सड़कों पर विध्वंस का भयावह दृश्य बना हुआ है, वह सरकारी उकसावे व छिपे समर्थन से चल रहा एक सांप्रदायिक दंगा ही है न पुलिस न पारा मिलिट्री वहां कोई गंभीर प्रभावी भूमिका निभा पा रही है, दोनों सरकारों को विषवमन करने, नागरिकों के खिलाफ घृणा व हिंसा फैलाने तथा चुनाव की तैयारी करने से फुर्सत ही नहीं है। जो गृह न बचा सके वह कैसा गृहमंत्री है! क्या हमें राष्ट्र का ऐसा विनाश देखते रहना चाहिए, क्या सरकार जो कहे वही हम सुनें, सरकार जो दिखाए वही हम देखें और सरकार जो प्रचार करे उसे ही हम सत्य मानें, अगर ऐसा है तब तो जनता की जरूरत क्या है। हमारी भूमिका क्या है और इससे भी बड़ी बात यह कि लोकतंत्र का मतलब क्या है। लोकतंत्र का मतलब ही होता है लोक की मुट्ठी में तंत्र ! यहां तो तंत्र सर पर सवार ही नहीं है, अपने स्वार्थ के लिए लोगों के सर कटवा रहा है ! हम भारत के युवा और नागरिक मणिपुर के अपने भाई-बहनों से कहना चाहते हैं कि एक-दूसरे की जान लेने तथा घरों-दूकानों-दफ्तरों को आग लगाने, मंदिरों-गिरिजाघरों को तोड़ने से हासिल कुछ भी नहीं होगा। हमें एक-दूसरे को नहीं गलत चाल चलने वाले शासकों को हराना है। न्याय के लिए लड़ने के शांति पूर्ण तरीके भी हैं जो न केवल न्याय दिलाते हैं बल्कि अन्यायी को रास्ते से हटाते भी हैं। मणिपुर के मैतेई तथा कुकी भाइयों से हम पूछना चाहते हैं कि मणिपुर ही न बचा तो हम बच सकेंगे क्या, असली सवाल तो प्रगतिशील मणिपुर के अस्तत्वि का है।

सरकारों और जनता के हृदय में मनुष्यता जगे ऐसी प्रार्थना करने के लिए देश भर में 1 जुलाई को शांति और सद्भावना दिवस का आयोजन होगा जिसमें सर्वधर्म प्रार्थना, सरकारों से सद्विवेक का निवेदन, मणिपुर के भाई-बहनों की समस्या से देश को अवगत कराना जैसे कार्यक्रम किए जायेंगे, गांधीजन और सर्वोदय के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में देश भर के सभी धर्म-जाति-प्रदेश के प्रतिनिधियों की एक टोली जल्दी ही मणिपुर के लिए रवाना होगी, सरकारों से अपील है कि शांति की इस पहल को सहूलियत व सहयोग दें। जहां सरकारें पहुंचने से डरती हैं, सेना का पहुंचना संभव नहीं वहां अहिंसक शांति सेना पहुंचती भी है और कारगर भी होती है। इन गांधीजनों ने ऐसी कई हिंसक वारदातों में शांति स्थापना का काम किया है जिसमें असम के कोकराझार में 2012 में हुई अशांति भी शामिल है। मणिपुर के लोगों से, मणिपुर की सरकार और केंद्र की सरकार से निवेदन है कि नागरिकों की इस पहल को एक मौका दे। यह महात्मा गांधी का रास्ता है जिसका सम्मान किया जाना चाहिए। हम कहना चाहते हैं कि जो इतिहास से सबक नहीं सीखते, इतिहास उन्हें सबक सिखाता है! सरकारों से हमारी अपील है कि शांति की इस नागरिक पहल को समर्थन व सहयोग दें। शांति हम सबकी जरूरत भी है और वही हमारी ताकत भी है।

## हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित
दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं।

## भक्ति से जरूरी नहीं कि जीवन में दुख नहीं आएंगे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोजगार खा सकती है**

आजकल एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर चर्चा हो रही है। कुछ इसके पक्ष में हैं तो कुछ विपक्ष में बात कर रहे हैं। सबसे पहले तो एआई को समझना जरूरी है। एआई ऐसी टैक्नोलॉजी है जो कंप्यूटर प्रोग्राम द्वारा बनाई जाती है और यह इनसान की तरह बहुत से काम भी कर सकती है, जैसे कि बिना ड्राइवर के गाड़ी चलाना, वेटर जैसे काम करना और वो काम भी करना जो किसी इनसान के लिए करना मुश्किल हो। लेकिन इस टैक्नोलॉजी से कुछ उन ही लोगों को रोजगार मिल सकता है जो कंप्यूटर, विज्ञान या संबंधित पढ़ाई करेंगे। दुनिया के बाकी देशों में एआई रोजगार पर कितना प्रहार कर सकती है, यह जो पता नहीं, लेकिन अगर यह तकनीक हमारे देश में आती है तो यह हमारे देश में बेरोजगारों के जख्मों पर नमक लगाने जैसा होगा। इसलिए इसे अपनाने से पहले व्यापक चिंतन करना होगा।

*- राजेश शर्मा, धमतरी*

## करंट अफेयर

### द. अफ्रीकी सरकार योग का पूरा समर्थन करती है

दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति पॉल मशाटिल ने यहां वांडरर्स स्टेडियम के मैदान में एक भव्य योग सत्र के आयोजन के लिए जोहानिसबर्ग स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास की सराहना की।



वैश्विक स्तर पर 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को आयोजित इस सत्र में रिकॉर्ड 6,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया था। रंग-बिरंगे योग मैट पर बैठे हजारों प्रतिभागियों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मशाटिल ने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी सरकार योग का पूरी तरह से समर्थन करती है। उन्होंने अलग-अलग समुदाय के लोगों को इस योग सत्र में शामिल होने के लिए एकजुट करने के वास्ते कड़ी मेहनत के लिए भारतीय महावाणिज्य दूत महेश कुमार और उनकी टीम की तारीफ की। मशाटिल ने कहा, 'हम महावाणिज्य दूत और अन्य लोगों के साथ इस आयोजन का समर्थन करना जारी रखेंगे। भारत के साथ हमारे संबंध महात्मा गांधी के समय से हैं, जब उन्होंने एक शताब्दी से भी अधिक समय पहले 1893 में दक्षिण अफ्रीका में अपना (सत्याग्रह) आंदोलन शुरू किया था। इसलिए भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। हमारे ये संबंध बरकरार हैं।'

## ऑफ बीट

### एआई से बनने वाली तस्वीरों को लेकर चिंतित कलाकार

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कला के क्षेत्र में किया जाना कोई नई बात नहीं है। यह एआई जितना ही पुराना है। इसमें नया पहलू यह है कि कई नए



तरीके के उपकरण (टूल) आने से 'टेक्स्ट प्रॉम्प्ट' (संकेत के लिए कोई शब्द या वाक्य लिखना) के जरिए अधिकतर लोग तस्वीरें बना रहे हैं। इसके लिए आपको बस एक 'टेक्स्ट बॉक्स' में लिखना है 'वैन गॉग (डच चित्रकार) की शैली का एक परिदृश्य' और एआई इसके अनुसार एक सुंदर तस्वीर पेश कर देगा। इस तकनीक का बेहतर इस्तेमाल मानव भाषा के सही इस्तेमाल में निहित है... लेकिन क्या ये प्रणालियां किसी कलाकार के दृष्टिकोण को सटीक रूप दे सकती हैं? अगर आप आम उपयोगकर्ता हैं तो आपको एआई द्वारा बनाई गई हर तस्वीर अच्छी लगेगी स्टार्टअप और निवेशकों ने इस तकनीक में अरबों का निवेश किया है। इसे लेखों, वीडियो गेम पात्रों और विज्ञापनों के लिए 'ग्राफिक्स' बनाने का एक आसान तरीका माना जाता है। इसके विपरीत एक कलाकार को एक उच्च गुणवत्ता वाली छवि बनाने के लिए बड़ा निबंध जैसा संदेश लिखने की जरूरत हो सकती है, जिससे की छवि की रचना और उसका रूप उनके दृष्टिकोण के अनुरूप हो। लंबा संदेश आवश्यक रूप से छवि का वर्णन करने वाला हो ऐसा जरूर नहीं है।

## ट्रेंड

### साहसी लोगों को नमन



मैं उन सभी साहसी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। डार्क डेज ऑफ इमरजेंसी इतिहास में अविस्मरणीय अवधि है, जो हमारे संविधान द्वारा बनाए गए मूल्यों के बिल्कुल विपरीत है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भाग्य के स्वामी खुद



ध्यानलिंग जानने की एक अभूतपूर्व विधा है जिसके माध्यम से आप अपने भाग्य के स्वामी बन सकते हैं। यह योग विज्ञान का चरम सशक्तिकरण और अभिव्यक्ति है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### भाजपा राज्यों पर ध्यान दें



भाजपा की डबल इंजन सरकार के तहत मणिपुर जल रहा है। जबकि दिल्ली, जहां भाजपा पुलिस को नियंत्रित करती है, उच्च अपराध दर से जूझ रही है। राजनाथ सिंह को पंजाब पर टिप्पणी करने के बजाय भाजपा शासित राज्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो बेहतर कानून व्यवस्था का दावा करती है।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

### बस तीन देश महत्वपूर्ण



क्या आपने देखा कि, हमेशा के विपरीत, पाक को भारत-अमेरिका बैठक में मुश्किल से ही शामिल किया गया। पाक महत्वहीन हो गया है। धीरूभाई के वाक्यांश 'भारत एक उच्च कक्षा में चला गया है' से उधार लेते हुए और इस कक्षा में केवल तीन देश मायने रखते हैं- अमेरिका, चीन व भारत।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## एक नज़र

### डिस्कॉम कर्मियों ने परिजनों के साथ दिया धरना



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। इंटर डिस्कॉम तबादले की मांग को लेकर 71 दिन से चल रहे अनिश्चितकालीन धरने में डिस्कॉम कर्मचारियों के परिजन भी शामिल हुए। विधायक आवास के बाहर चल रहे धरने में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इंटर डिस्कॉम संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामकेश मीणा ने बताया कि पिछले 23 वर्षों से इंटर डिस्कॉम तबादले नहीं होने से हजारों बिजली कर्मियों को आए दिन तनावपूर्ण माहौल में नौकरी करने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गहलोत सरकार को विद्युतकर्मियों को राहत प्रदान कर जल्द इंटर डिस्कॉम तबादले खोलने चाहिए।

### आरपीएससी के छियासठ कार्मिक हुए पदोन्नत



**जयपुर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्मिकों के पदोन्नति प्रकरणों को लेकर सोमवार को पदोन्नति समिति की बैठक हुई। संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि समिति की अनुशंसा अनुसार 66 कार्मिकों को नियमित पदोन्नति प्रदान की गई है। राजपत्रित संवर्ग में उपसचिव के 4, सहायक सचिव के 7, अनुभाग अधिकारी के 8 पदों पर कार्मिकों को पदोन्नत किया गया है। वहीं अराजपत्रित संवर्ग में सहायक अनुभाग अधिकारी के 24, लिपिक ग्रेड-प्रथम के 20 और लिपिक ग्रेड-द्वितीय के 3 पदों पर कार्मिकों को पदोन्नति प्रदान दी गई है।

### नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी का मामला में SOG ने किया सीए को गिरफ्तार

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी मामले में एक सीए को गिरफ्तार किया गया है। एडीजी एटीएस व एसओजी अशोक राठौड़ ने बताया कि नवजीवन सोसायटी द्वारा किए गए गबन के प्रकरण में अभियुक्त सीए अनिल कुमार जैन को गिरफ्तार किया गया है। यह लाल कोठी जयपुर का रहने वाला है।

सोसायटी की ओर से गुजरात और राजस्थान में 228 शाखाएं खोलकर करीब 2 लाख निवेशकों की ओर से निवेशित 391 करोड़ रुपए की जमा पूंजी का गबन किया गया है। इस संबंध में एसओजी ने संचालक गिरधर सिंह सहित 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। अनुसंधान में पाया कि सोसायटी के संचालकों ने षड्यंत्र कर नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी में जमा निवेशकों के करोड़ों रुपयों को अन्य कम्पनियों में डायवर्ट कर गबन किया। अभियुक्त अनिल कुमार जैन स्टर्लिंग बैंक में डायरेक्टर के पद पर और नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी की सहयोगी कम्पनियों फ्यूचर रियल मार्ट, नवजीवन टैक्नोलोजी और नव एपेरेल में स्टेचुरी ऑडिटर के पद पर रहा है।

### प्रदेश के 13 शहरों में किए जाएंगे ग्रीन लंग्स विकसित

**जयपुर।** प्रदेश के 13 शहरों के आसपास वन क्षेत्रों में ग्रीन लंग्स विकसित किए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को 19 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। अलवर के मूंगस्का, चूरू के राजगढ़, चित्तौड़गढ़ के मंगलवाड़, राजसमंद के नाथद्वारा व गणेश टेकड़ी एवं उदयपुर के रिसाला में 2-2 करोड़ रुपए तथा बारां के खैरखेड़ी, बांसवाड़ा के श्यामपुरा, चित्तौड़गढ़ के किला ब्लॉक, दौसा के नीलकंठ महादेव, जयपुर के कानोता बांध, राजसमंद के बांदरिया मगरा एवं टोंक के कच्चा बांध क्षेत्र में 1-1 करोड़ रुपए की लागत से वन क्षेत्रों का विकास कर आमजन के लिए खोला जाएगा।

# लोकसभा क्षेत्र की तर्ज पर जयपुर के दो भाग का नया फॉर्मूला

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। नए जिलों के गठन की कवायद राज्य सरकार के लिए मुसीबत का सबब बनती जा रही है। राजधानी जयपुर को दो भागों में बांटने के पुराने प्रपोजल पर लगातार विवाद होता देख अब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दखल के बाद नया फॉर्मूला सामने आ रहा है।



सरकार की ओर से जयपुर उत्तर और जयपुर दक्षिण जिले बनाने की घोषणा हुई थी, जिसके खिलाफ जयपुर के जनप्रतिनिधियों ने ही मोर्चा खोल दिया था। दूदू को नया जिला बनाए जाने के बाद सांभर-फुलेरा को लेकर भी उग्र आंदोलन देखने को मिला था।

जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री गहलोत ने उदयपुर जाने से पहले सोमवार को अपने आवास पर जयपुर के सभी विधायकों की एक बैठक बुलाई, जहां नए जिलों के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बताया जा रहा है कि सरकार अब जयपुर शहर और जयपुर देहात दो नए जिले बना सकती है, जिन पर सहमति बन गई है। हालांकि सरकार की ओर से अधिकारिक घोषणा का अभी इंतजार है। बैठक में मंत्री लालचंद कटारिया, प्रताप सिंह खाचरियावास, शहर और ग्रामीण इलाके से कांग्रेस विधायक शामिल रहें।

वहीं इससे पहले रविवार को सांभर-फुलेरा जिला बनाओ संघर्ष समिति की ओर से सांभर-फुलेरा को संयुक्त रूप से जिला बनाने और कुछ कस्बों की दूदू में नहीं जाने की मांग पर जमकर बवाल हुआ, जहां अजमेर हाईवे जाम करने के बाद पथराव और आंसू गैस के गोले छोड़े गए। इसमें कई लोग और पुलिसवाले घायल हो गए। इस मामले में 58 आंदोलनकारियों को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां उनकी जमानत अर्जी को खारिज कर दिया गया।

### यह फॉर्मूला आ रहा है सामने

जयपुर को लोकसभा सीट की तर्ज पर दो भागों में बांटा जा सकता है। इसमें जयपुर देहात का मुख्यालय भी जयपुर शहर में रहेगा और झोटवाड़ा, चौमूं, जमवारामगढ़, बस्सी, चाकसू, आमेर को उसमें शामिल किया जा सकता है। शाहपुरा को भी जयपुर देहात में शामिल किया जा सकता है। वहीं दूदू जिले में भी सांभर फुलेरा को शामिल नहीं किया जाएगा, ऐसे में अब जो जनता दूदू और कोटपूतली में नहीं जाना चाहती वो जयपुर देहात में जा सकती है और दूदू में भी कुछ बदलाव किया जाएगा। इसके साथ जयपुर में जयपुर शहर, जयपुर देहात, कोटपूतली और दूदू कुल 4 जिले होंगे।

### जनभावनाओं का सम्मान करना प्राथमिकता

बैठक के बाद मंत्री खाचरियावास ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनभावनाओं को देखकर ही फैसला लेने का कहा है और जनता की सुविधाओं को देखते हुए उनकी भावनाओं का सम्मान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। हम किसी तरह का टकराव नहीं चाहते हैं और मुख्यमंत्री ने खुद कहा है कि हम लोगों के साथ किसी तरह की जबरदस्ती नहीं करेंगे, जो जहां रहना चाहता है वहां रह सकता है।

**मेवाड़-वागड़ दौरे में मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना**

# मोदी मार्केटिंग में माहिर, उनका लोकतंत्र में विश्वास नहीं: सीएम

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक बार फिर मेवाड़-वागड़ दौरे पर रहे। मेवाड़ दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने उदयपुर में संभाग स्तरीय किसान महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी इतने चालाक हैं कि वे किसानों को सालाना सिर्फ 3 किस्तों में 6 हजार की आर्थिक मदद देते हैं, जबकि मैं प्रदेश के किसानों को 2 हजार यूनिट बिजली मुफ्त दे रहा हूं।



इसका मतलब 1800 रुपए प्रतिमाह और इस हिसाब से सालाना 21,600 रुपए की आर्थिक मदद हुई। फिर भी मोदी मार्केटिंग में माहिर हैं। गहलोत ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और कहा कि केन्द्र सरकार संस्थाओं पर हावी हो रही है।

आदिवासी बहुल आबादी वाले डूंगरपुर जिले के थाणा में महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन करते हुए गहलोत ने कहा कि देश के हालात ठीक नहीं हैं। केन्द्र सरकार संस्थाओं पर हावी हो रही है। प्रवर्तन निदेशालय, ईडी, इनकम टैक्स, आयकर विभाग और सीबीआई का दुरुपयोग हो रहा हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने धन एकत्रित कर लिया है। चुनाव के लिए इनका विश्वास लोकतंत्र में है नहीं। हम तो सीमित संसाधनों से चुनाव लड़ेंगे।

### मणिपुर हिंसा को काले अक्षरों में लिखा जाएगा

गहलोत ने कहा कि मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा था। सैकड़ों लोग हिंसा में मारे गए, लेकिन प्रधानमंत्री और गृह मंत्री कर्नाटक में कैंपेन कर रहे थे। अगर वह चाहते तो मणिपुर हिंसा को रोकने के लिए कदम उठाते और लोगो के बीच जाते। मणिपुर भी देश का एक छोटा राज्य है। वे चाहते तो लोगों के बीच जाते जिसका फायदा उन्हें कर्नाटक चुनाव में मिल सकता था, लेकिन उनके इस काम को लोगो ने पसंद नहीं किया और इसलिए भाजपा को कर्नाटक में हार मिली। मुख्यमंत्री ने कहा की मणिपुर हिंसा को इतिहास के काले अक्षरों में लिखा जाएगा।

### सीएम ने की महत्वपूर्ण घोषणाएं

उदयपुर में गहलोत ने कहा कि मेरा सपना है कि राजस्थान 2030 तक देश में नंबर वन राज्य बने। इस दौरान सीएम ने जिले के विकास के लिए 3 महत्वपूर्ण घोषणाएं की। इसमें उदयपुर के बलीचा में 100 बीघा जमीन पर 50 करोड़ की लागत से फल-सब्जी मण्डी बनाने और गौण मण्डी बलीचा को स्वतंत्र मण्डी घोषित करने तथा उदयपुर जिले में सीताफल, आम, वनोपज और औषधीय पादपों के अनुसंधान व उत्पादन की आधुनिकतम तकनीक विकसित किए जाने की दृष्टि से 3 सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित करने की भी घोषणा की।

# जनप्रतिनिधियों के ख़िलाफ़ मुस्लिम संगठनों का प्रदर्शन




**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। जयपुर के एमआई रोड पर रविवार को अनोखा प्रदर्शन किया गया। इसमें मुस्लिम परिषद संस्थान की ओर से अपनी ही कौम के मंत्रियों और विधायकों के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

यह प्रदर्शन अल्पसंख्यक बालक छात्रावास निर्माण और नवाब कल्लन बाग की वक्फ संपत्ति समेत मुस्लिम समाज के मामलों में विधायकों की चुप्पी और समाज से दूरी को लेकर किया गया। इस पूरे मामले को लेकर मुस्लिम विधायकों के लापता होने के बैनर भी चस्पा किए गए। प्रदर्शन के बाद सामूहिक दुआ का आयोजन भी किया गया।

इस दुआ में विधायकों और मंत्रियों की सदबुद्धि के लिए दुआ मांगी गई। प्रदर्शन कर रहे अलग-अलग मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि विधायक नहीं जागे तो ईद उल जुहा के दिन 3 जुलाई को जिंदा विधायकों का जमीर मरने की कुरानख्वानी की जाएगी और 4 जुलाई को सोयम की फातेहा का आयोजन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारियों सहित अन्य समाज के लोग मौजूद रहे।

वहीं विधायकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। इस प्रदर्शन में राजस्थान सरकार में अल्पसंख्यक मंत्री सालेह मोहम्मद, शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान, अल्पसंख्यक आयोग चेयरमैन और विधायक रफीक खान, हज कमेटी अध्यक्ष और किशनपोल विधानसभा से विधायक अमीन कागजी, विधायक दानिश अबरार, हाकम अली, सफिया जुबेर, वाजिब अली, अमीन कागजी के लापता होने के बैनर लगाए गए।

# पुलिस का एक साथ छापामारी कर 10 हजार से ज्यादा बदमाश पकड़े



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत डीजी पुलिस उमेश मिश्रा के निर्देश पर संगठित, हार्डकोर, वांछित सक्रिय अपराधियों और असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए रविवार को प्रदेश में पुलिस की टीमों ने अपराधियों पर व्रज प्रहार किया। इसमें 40 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने अलसुबह ही बदमाशों के अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस अभियान में कुल 10 हजार से ज्यादा बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि जयपुर में 5 हजार 950 स्थानों पर एक साथ दबिश देकर अपराधियों के ठिकानों की गहन तलाशी ली गई। इस कार्रवाई में 931 अभियुक्त पूछताछ के लिए थानों पर लाए गए। इनमें से 733 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। एडिशनल कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि कार्रवाई के दौरान अलग-अलग एक्ट के तहत करीब 120 प्रकरण दर्ज किए हैं। कुछ बदमाशों को पुराने प्रकरण में गिरफ्तार किए हैं। जिनमें वो वांछित चल रहे थे।

**भाजपा की ओर से आपातकाल दिवस पर 'प्रबुद्ध जन सम्मेलन' आयोजित**

# आपातकाल का काला दिन बीता, नहीं बदली कांग्रेस की मानसिकता

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार की तरफ से आपातकाल लगाए जाने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि 'सत्ता का लालच' कांग्रेस पार्टी की विशेषता है।

गोयल ने यहां आपातकाल दिवस पर 'प्रबुद्ध जन सम्मेलन' में कहा कि आपातकाल केवल इसलिए लगाया गया क्योंकि अदालत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को भ्रष्ट सरकार घोषित कर दिया था और कहा था कि वह छह साल तक कोई पद नहीं संभाल सकतीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता में आए बिना नहीं रह सकती। सत्ता में आने का लालच पार्टी की विशेषता है। गोयल रविवार को केंद्र में भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालने के लिए पार्टी के अभियान के तहत यहां पहुंचे थे।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने देश में आपातकाल के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि आज का दिन स्वतंत्र भारत के लिए 'काला दिन' है। 25 जून, 1975 को कांग्रेस सरकार ने आपातकाल की घोषणा कर दी और 1.40 करोड़ से अधिक लोगों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए जेल में डाल दिया गया। उस दौरान अल्पसंख्यकों के घरों के अलावा आजादी और लोकतंत्र को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि देश के लोगों की जबरन नसबंदी की गई।

गांधी परिवार की सत्ता लोलुपता की मानसिकता कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के एक टीवी इंटरव्यू में दिए गए बयान से भी झलकती है।

इसमें उन्होंने कहा था कि देश में गांधी परिवार के लिए अलग कानून होना चाहिए। गोयल ने कहा कि न तो राहुल गांधी न ही मल्लिकार्जुन खरगे या सोनिया गांधी ने तिवारी के बयान का खंडन किया, जो कांग्रेस पार्टी की सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि इस देश की 140 करोड़ जनता इस बात को स्वीकार नहीं करेगी।



### राजस्थान गहलोत के कारण फिसड्डी

केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इसका भ्रष्टाचार दिन-ब-दिन उजागर हो रहा है। उन्होंने गहलोत पर राज्य को विकास से वंचित रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकार के मंत्री और विधायक जानते हैं कि उनके पास थोड़ा समय बचा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 के चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादे अभी तक पूरे नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मैं राजस्थान को फिसड्डी राज्य बनाने के लिए अशोक गहलोत को पूरी तरह से दोषी मानता हूं।

### देश में मीडिया सवाल पूछने के लिए स्वतंत्र

जब उनसे कांग्रेस के उस आरोप के बारे में पूछा गया जिसमें कहा गया है कि जो भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करता है उसे जेल में डाल दिया जाता है या उसकी आवाज दबा दी जाती है और देश में अघोषित आपातकाल है। इसके जवाब में गोयल ने कहा कि मीडिया सवाल पूछने के लिए स्वतंत्र है । उन्होंने कहा कि फिलहाल हर पार्टी चुनाव हार रही है और जीत रही है, लेकिन आपातकाल में चुनाव स्थगित कर दिए गए था तथा सांसदों को संसद में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।

### मंत्री धारीवाल ने वार्ड-57 में निकाली पदयात्रा, जगह-जगह लोगों ने किया स्वागत

# बारिश से होने वाली परेशानी को लेकर अलर्ट रहने के निर्देश

**हिलव्यू समाचार**
**कोटा**। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने मानसून की दस्तक के साथ ही जिला प्रशासन को विशेष निर्देश दिए हैं। उन्होंने शहर में जलभराव के हालात नहीं बनें इसको लेकर निगम अधिकारियों को बड़े नालों की प्रॉपर मॉनिटरिंग एवं निगम टीम को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने कहा कि चंबल रिवर फ्रंट दोनों किनारों पर सुरक्षा कवच के रूप में कार्य कर रहा है। रिवरफ्रंट का दूसरा फेज से शहर का निचला इलाका सुरक्षित हो जाएगा। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत भी सोमवार को मंत्री धारीवाल ने नयापुरा क्षेत्र के वार्ड 57 में क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर बारिश से होने वाली समस्या के बारे में जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों को मौके पर ही विशेष निर्देश दिए।

हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का कारवां जैसे ही वार्ड 57 में पहुंचा नयापुरा सब्जी मंडी क्षेत्र सहित वार्ड की विभिन्न गली मोहल्लों में मंत्री धारीवाल और पीसीसी सदस्य अमित धारीवाल का लोगों ने स्वागत किया। जगह-जगह स्वागतद्वार लगाए गए। इस दौरान आतिशबाजी और पुष्पवर्षा की। लोगों ने दोनों नेताओं को फूल माला एवं साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।



### क्षेत्र के मंदिरों के किए दर्शन

पदयात्रा के दौरान रास्ते में जो भी मंदिर आए वहां जाकर मंत्री शांति धारीवाल और अमित धारीवाल ने दर्शन किए और देश-प्रदेश में सुख समृद्धि की प्रार्थना की। पदयात्रा के दौरान मंत्री धारीवाल से क्षेत्र के वरिष्ठ लोग भी मुलाकात के लिए आतुर नजर आए। जैसे ही मंत्री धारीवाल उनके बीच पहुंचे तो उन्होंने गले लगा लिया पुरानी यादों को ताजा कर मंत्री धारीवाल ने वरिष्ठजनों के साथ वक्त बिताया और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। पदयात्रा के दौरान राकेश शर्मा राकू, दिनेश विजय, चेतन मेवाड़ा महेश अनीजवाल, हेमराज साहू, योगेश चावला, पवन यादव, विजय शर्मा, हरीश नागर समय क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीएम के दौरे की व्यवस्था को देखा

मुख्यमंत्री गहलोत के 28 जून को कोटा दौरे पर रहेंगे। उनके प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान निर्धारित कार्यक्रमों के तहत तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री धारीवाल ने बताया कि 28 जून को सीएम गहलोत कोटा आएंगे। वे यहां महंगाई राहत कैंप का अवलोकन करेंगे और गुमानपुरा में स्थापित की गई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। सीएम यहां सभा को भी संबोधित करेंगे। इसके साथ ही सीएम गहलोत उम्मेद सिंह स्टेडियम में मेगा जॉब फेयर में पहुंचेंगे।

### मंदिर को हटाने की बात पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

# जमीन विवाद में दो चचेरे भाइयों की हत्या, हमले में 18 हुए घायल





**हिलव्यू समाचार**
**अलवर**। जिले नौगांवा थाना क्षेत्र में सोमवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। देखते ही देखते विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया और दो जनों की हत्या कर दी गई। जमीन पर बने मंदिर को तोड़ने को हुए विवाद में दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई।

इस दौरान एक ही परिवार की तीन महिलाओं समेत 18 लोग घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अलवर के निजी हॉस्पिटल में पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक नौगांवा गांव में दोपहर करीब 12 बजे यह वारदात हुई। हमले में नौगांवा निवासी मंगतू (45) और ब्रजेश उर्फ बिरजी (40) पुत्र श्रवण की मौत हो गई। उनके परिवार का इसी गांव के नेमी, मोहन, गज्जू, फल और हवाई से काफी समय से विवाद चला आ रहा है। घायलों के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी गांव में पुश्तैनी जमीन है। इस पर खेत में चबूतरा और मंदिर बनवाया गया था, लेकिन दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे तोड़ दिया था। इसका मामला कोर्ट में लंबित है। सोमवार को अचानक दूसरे पक्ष के 40 से ज्यादा लोग खेत में आ गए और खेत जोतने लगे।

इस पर हमने मना किया तो उन्होंने लाठी, फरसे और हथियारों से हमला कर दिया। मंगतू और ब्रजेश के सिर में लाठियां मार दीं। हमले में रघुवीर, राजेंद्र, खमानी, मिर्ची, बहादूर, शांति, पप्पी और मथरी समेत 18 लोग घायल हो गए।

### रामदेवरा से लौटते समय हुआ हादसा, 15 लोग घायल

# टायर पटने से श्रद्धालुओं की पिकअप पलटी, तीन की मौत

**हिलव्यू समाचार**
**जोधपुर**। राजस्थान के जोधपुर में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी पिकअप बेकाबू होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में 3 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। वहीं 15 लोग घायल हो गए।

हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि पिकअप सवार सभी यात्री रामदेवरा में दर्शन कर वापस लौट रहे थे। हादसे के बाद राहगीरों व स्थानीय लोगों ने घायलों को निजी वाहन से जोधपुर के एमडीएम अस्पताल पहुंचाया। हादसा बालेसर में बम्बोर टोल नाके के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार, पाली जिले के तख्तगढ़ थाना क्षेत्र कोसेलाव गांव दो तीन परिवारों के



18 लोग सुमेरपुर से बाबा रामदेव के दर्शन कर पिकअप में वापस गांव लौट रहे थे। इस दौरान दोपहर 2 बजे बालेसर से करीब 15 किमी दूर बालेसर के आबोलाई गांव के पास अचानक पिकअप का टायर फट गया। टायर फटने से चालक ने पिकअप से नियंत्रण खो दिया। दूर जाकर पिकअप सड़क पर पलट गई। इससे पिकअप में सवार सभी श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे के बाद आस-पास के घायलों की मदद के लिए दौड़े और घायलों को इलाज के लिए एमडीएम अस्पताल पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। वहीं 15 लोगों का इलाज चल रहा है।

### सड़क पर तीन-चार बार पलटी पिकअप

आगोलाई चौकी इंचार्ज रुघाराम ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बेकाबू होने के बाद पिकअप सड़क पर दूर तक तीन-चार पलटी खाती गई। इसके चलते पिकअप में सवार सभी श्रद्धालुओं घायल हो गए। हादसे के बाद सूचना मिलते ही श्रद्धालुओं के गांव में अफरा-तफरी मच गई। श्रद्धालुओं के रिश्तेदार जोधपुर के लिए रवाना हो गए। इधर, शहर से भी कई लोग अस्पताल पहुंचे। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं।

### दो बाइक की भिड़ंत में 2 युवकों गई जान, एक गंभीर घायल

**सिरोही।** जिले में शनिवार रात दो बाइक में आमने-सामने भिड़त में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद पालनपुर रेफर किया गया। वहीं दोनों का शवों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिए गए। यह हादसा आबूरोड में रीको थाना क्षेत्र के सियावा के पास हुआ। रीको थाने के हेड कांस्टेबल किशनलाल ने बताया की शनिवार देर रात अम्बाजी रोड के पास सियावा रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर रीको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनो घायलों को उपचार के लिए राजकीय अस्पताल ले जाया गया। जहां दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों में छोगा राम पुत्र सापा निवासी पिपरमाल, सुरेश पुत्र लक्षमण भाई निवासी पांसा अम्बाजी है। वहीं पिन्टू पुत्र केवला निलवासी कोटेश्वर अम्बाजी घायल हो गया। उसे पालनपुर रेफर किया गया। पुलिस ने रविवार दोपहर को मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए।

### उद्योग विभाग में हुई उच्च स्तरीय बैठक

# सेंटर फॉर एक्सीलेंस से ब्लू पॉटरी संवर्धन



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। शहर के आस-पास के क्षेत्र में राज्य से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, ब्लू पॉटरी के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंस, लॉजिस्टिक पार्क व औद्योगिक विकास से जुड़े कार्यों को सीमा में अमलीजामा पहुंचाने के लिए कवायद तेज कर दी है।

उद्योग विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव वीनू गुप्ता ने उद्योग भवन के बीआईपी सभागार में जिला प्रशासन, जयपुर विकास प्राधिकरण, रीको, उद्योग, ब्यूरो ऑफ इण्डस्ट्रीयल प्रमोशन और संबंधित विभागों के अधिकारियों की साथ उच्चस्तरीय बैठक ली।

एसीएस उद्योग वीनू गुप्ता ने कहा कि राज्य में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का गठन किया गया है। इसी तरह से ब्लू पॉटरी के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित किया जाना है। उन्होंने बताया कि जहां प्रदेश निर्यात में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी कर रहा हैं। वहीं प्रदेश से निर्यात की विपुल संभावनाएं है। इसके लिए आरईपीसी का जयपुर शहर के आस-पास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जेडीए प्राथमिकता से भूमि उपलब्ध कराएं। गुप्ता ने कहा कि शहरी क्षेत्र में लॉजिस्टिक पार्क के लिए स्थान चिह्नित कर उपलब्ध कराया जाना है।

लॉजिस्टिक सेवाओं से औद्योगिक उत्पादों के आवागमन के लिए बेहतर सेवाएं विकसित हो सकेगी। उन्होंने प्रहलादपुरा औद्योगिक क्षेत्र में सड़क सुधार, नेवटा के पास ड्रेनेज समस्या, कुंजबिहारी पुरा औद्योगिक क्षेत्र, चाकसू के पास रीको के नए औद्योगिक क्षेत्र की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

### एक नज़र

# किसी ओर से परीक्षा दिलवा कर कांस्टेबल बना शख्स हिरासत में



**हिलव्यू समाचार**
**चित्तौड़गढ़**। जिले में पुलिस की वर्ष 2015 में कांस्टेबल परीक्षा में अपनी जगह किसी अन्य को बैठा कर कांस्टेबल बने जालौर निवासी सुरेश विश्नोई को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में डीएसपी बुद्धराज टांक ने सदर थाने में मामला दर्ज कराया है। वह वर्तमान में बाड़मेर जिले के नागाणा थाने में पदस्थापित था।

एसपी राजन दुष्यन्त ने बताया कि वर्ष 2018 में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में चयनित दिनेश कुमार विश्नोई का बायोमेट्रीक मिलान परीक्षा के दौरान किए गए बायोमेट्रीक अंगूठा निशानी से मिलान नही होने पर कार्यालय पुलिस अधीक्षक के कनिष्ठ लिपिक जाकीर हुसैन द्वारा थाना सदर चितौडगढ़ में मामला दर्ज कराया था।

इसमें अभ्यर्थी जालौर के मालवाडा थाना चितलवाना निवासी दिनेश विश्नोई पुत्र मांगीलाल को गिरफ्तार किया गया। उसने पुलिस पुछताछ में अपने स्थान पर भाई गणपत विश्नोई द्वारा परीक्षा देना बताया। इस पर वर्ष 2020 में उक्त प्रकरण के जांच अधिकारी तत्कालीन डीएसपी चित्तौड़गढ़ अमित सिंह द्वारा गणपत विश्नोई को गिरफ्तार किया गया तथा गणपत लाल एवं दिनेश कुमार से पूछताछ की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि इसी प्रकार फर्जी अभ्यार्थियों से परीक्षा दिलवा कर पुलिस, जीआरपी, आरएसी एवं खनन विभाग आदि में 26 व्यक्ति भर्ती होकर नौकरी कर रहे हैं।

वहीं कांस्टेबल सुरेश विश्नोई पुत्र भीखाराम विश्नोई निवासी डेडवा थाना सांचोर के स्थान पर भी अन्य व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना बताया। यह कांस्टेबल वर्ष 2015 में भर्ती हुआ है। पुलिस जांच में उसके परीक्षा के दौरान लिए गए हस्ताक्षर भी मेल नहीं खाए।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवकों की गई जान

**हिलव्यू समाचार**
**धौलपुर**। जिले में एनएच 123 यूपी सीमा पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास विपरीत दिशा में तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मारी दी। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर हादसे के बाद मारुति ब्रेजा कार के टायर फट गए। फटे हुए टायर के साथ ही चालक भाग खड़ा हुआ।

बाद में नजदीक पेट्रोल पंप पर कार खड़ी कर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि कार में चार लोग सवार थे और सभी ने शराब पी रखी थी। धौलपुर जिले के सैंपऊ कस्बे के मढ़ी मोहल्ला निवासी 40 वर्षीय विजेंद्र कुशवाहा और 26 वर्षीय पवन रविवार को भरतपुर जिले के रुदावल कस्बे में रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात को दोनों बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच 123 पर सिद्ध बाबा मंदिर के नजदीक तेज रफ्तार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसा देखकर घटनास्थल पर राहगीर रुक गए। उन्होंने दुर्घटना की सूचना आगरा जिले की जगनेर थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को शिनाख्त कर हादसे के बारे में परिजनों को सूचना दी। दुर्घटना की बात सुनकर दोनों मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। भागे दौड़े परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने कार चालकों के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है। जगनेर थाना पुलिस ने मामला दर्ज होने पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## मछली पकड़ने गए युवक की नाले में डूबने से मौत

**अजमेर (हिलव्यू समाचार)**। रामगंज थाना अंतर्गत कच्छावा गार्डन के नजदीक दौराई नाले में सोमवार को मछली पकड़ने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पानी में कांटों में फंसे जाल को निकालने के लिए वह नाले में उतरा था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पानी में जा गिरा। तेज बहाव के चलते युवक डूब गया। सूचना मिलते ही पुलिस, सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला।

### पुलिस महानिदेशक मिश्रा ने की पुरस्कृत करने की घोषणा

# बदमाशों को पकड़ने वाले पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

### ■ सरपंच के बेटे पर गोली चला लूट ले गए थे नकदी और सोने-चांदी के आभूषण

**हिलव्यू समाचार**
**चूरू**। जिले में शनिवार को इन्द्रसर निवासी सरपंच के घर डकैती के लिए घूसे बदमाशों को पुलिस ने वारदात के बाद 12 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी हार्डकोर बदमाश हैं। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राजस्थान के अलावा हरियाणा, गुजरात, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में 50 से अधिक डकैती एवं फायरिंग की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इस घटना में सरपंच पुत्र पुनीत गोस्वामी ने बदमाशों को ललकारा एवं उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर घायल कर दिया। गोली उसके कंधे पर लगी थी। बाद में उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था। डीजीपी ने घटना के तुरन्त बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा फायरिंग के बावजूद बदमाशों का पीछा कर उन्हें पकड़ने में दिए गए सहयोग की प्रशंसा की है।



### इनको किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में भूरा कश्यप (25) निवासी बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद, राजकुमार कश्यप (31) निवासी बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद हाल बवाना रोड शाबा रोड दिल्ली, गुलशन उर्फ पोली (19) निवासी रामविहार बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद, राजू उर्फ नन्हें (55) निवासी रामविहार बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद, लखमी (35) निवासी रामविहार बनथला तथा सागर (20) निवासी बनथला पुलिस थाना लोनी, गाजियाबाद शामिल है।

### मुठभेड़ के बाद पकड़े गए आरोपी

पुलिस अधीक्षक चुरू राजेश कुमार मीणा ने बताया कि आरोपियों को पकडने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर उनका लगातार पीछा किया गया। ग्राम मांगला जोहडी में एक आरोपी की ओर से पुलिस से बचकर भागने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग की। पुलिस निरीक्षक सुभाष चन्द्र के साथ पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग कर आरोपी को दबोच लिया। जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी तथा वारदात करने वाले सभी 6 आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस ने बताया कि आरोपी एक मकान को टारगेट कर डकैती डालते हैं और विरोध होने पर फायर कर लूट व डकैती कर फरार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों से दो देसी कटटे, कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त जीप बरामद की गई है।



## फिल्म 'प्रोजेक्ट के' में हुई कमल की एंट्री...

**चेन्नई।** अभिनेता प्रभास की आगामी फिल्म 'प्रोजेक्ट के'को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म में साउथ के दिग्गज अभिनेता कमल हासन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक नाग अश्विन इसे भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। प्रभास स्टारर इस फिल्म के निर्माताओं ने लगभग 70 प्रतिशत शूटिंग पूरी कर ली है। दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन को लगभग कुछ हफ्तों की शूटिंग पूरी करनी अभी बाकी है। पहले चर्चा थी कि विक्रम स्टार कमल को प्रभास के 'प्रोजेक्ट के' में एक खलनायक की भूमिका निभाने के लिए 150 करोड़ रुपये की फीस दी जा रही है।

### लाइफ Style

## तमन्ना देनी पड़ी सफाई

एजेंसी ▸▸ मुंबई

फिल्म अभिनेत्री तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी हालिया सीरीज 'जी करदा' को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस की यह सीरीज पॉपुलर ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम हो रही है। तमन्ना न सिर्फ अपने रील लाइफ, बल्कि अपने रियल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चे में है।

अभिनेत्री ने बीते दिनों 'दहाड़' एक्टर विजय वर्मा संग अपने संबंधों को लेकर खुलकर बात की है। तमन्ना से विजय का यह रियल लाइफ रोमांस उनकी आगामी वेब सीरीज 'लस्ट स्टोरी 2' में स्क्रीन पर भी दर्शकों को नजर आने वाला है, जो सभी को बेहद उत्साहित कर रहा है। काजोल, तमन्ना भाटिया और नीना गुप्ता स्टारर यह सीरीज जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। वहीं, इस बीच एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने होटलों की चीजें को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है।

एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस होटलों से चीजें चोरी नहीं करती हैं, लेकिन वो उन्हें किसी भी तरह खरीदना पसंद करती हैं। तमन्ना ने कहा कि उन्होंने एक बार एक बाथरोब के लिए 8000 रुपये का भुगतान किया था और कहा कि उन्होंने भुगतान इसलिए किया क्योंकि यह वास्तव में अच्छा था। दरअसल, इंटरव्यू में तमन्ना से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी चोरी की है, उन्होंने किसी होटल से कुछ चुराया है। इस सवाल के जवाब में एक्ट्रेस ने कहा कि उसने ऐसा नहीं किया है और कहा कि वह वास्तव में होटलों में अपनी पसंद की चीजों के लिए भुगतान करती है।



### हॉलीवुड मसाला



## फैंस ने जैक्सन को किया याद

**न्यूयार्क।** दुनिया में फैले तमाम पॉप सिंगर्स के बीच से निकलकर 'किंग ऑफ पॉप' बने माइकल जैक्सन आज भले ही इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके चाहने वाले अब भी दुनिया के हर एक कोने में मौजूद हैं, जिन्होंने उन्हें अमर रखा हुआ है। अमेरिकन सिंगर-डांसर-सॉन्ग राइटर माइकल जैक्सन एक सुपरस्टार थे, जिन्होंने गायकी के साथ-साथ अपने डांस से भी दुनियाभर में अपनी एक अलग छाप छोड़ी। हालांकि, महज 50 की उम्र में माइकल का दिल का दौरा पड़ने की वजह से 25 जून 2009 को निधन हो गया।



## निधन की झूठी अफवाहों पर फूटा फैंस का गुस्सा...

**लॉस एंजेलिस।** मार्वल की फिल्मों में सुपर हीरो 'हॉकआई' का किरदार निभाकर दुनियाभर में मशहूर हुए स्टार जेरेमी रेनर पिछले काफी समय से सुर्खियों में बने हुए हैं। कुछ महीनों पहले अभिनेता के साथ हुए जानलेवा हादसे के बाद से ही फैंस उनकी सेहत के कारण चिंता में बने हुए थे। हालांकि, अब जेरेमी बिल्कुल स्वस्थ होकर अपने काम पर लौट आए हैं, जिसके बाद फैंस ने राहत की सांस ली थी। लेकिन, हाल ही में एक ऐसी खबर आई जिसने सभी को हिलाकर रख दिया। दरअसल, जेरेमी रेनर एक बार फिर तब सुर्खियों में आए जब एक न्यूज में झूठा दावा किया गया कि अभिनेता की एस्केलेटर दुर्घटना के बाद मौत हो गई। इस खबर की असलियत पता लगने के बाद फैंस का गुस्सा सोशल मीडिया पर फूट रहा है।



## सास संग किया अपने संबंधों का खुलासा

**मुंबई।** बॉलीवुड की 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी अपने निजी जिंदगी को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। हेमा मालिनी को करियर के चरम पर अभिनेता धर्मेंद्र से प्यार हो गया, जो पहले से ही शादीशुदा थे और चार बच्चों के पिता थे। आखिरकार सामाजिक नियमों और बातों को परे रखकर दोनों ने शादी कर ली। अपनी ओर से धर्मेंद्र अपना ध्यान और प्यार दोनों परिवारों के बीच बांटते हैं। अब हेमा मालिनी ने अपनी शादी के बारे में और धर्मेंद्र के 'दूसरे परिवार' के बारे में बात की है। हेमा मालिनी ने बार-बार कहा है कि वह धर्मेंद्र के 'दूसरे परिवार' को परेशान नहीं करना चाहती हैं और इसलिए वह उनसे दूर रहती हैं। हालांकि, राम कमल मुखर्जी के जरिए लिखित उनकी जीवनी 'हेमा मालिनीः बियॉन्ड द ड्रीम गर्ल' में हेमा ने अपनी सास सतवंत कौर से मुलाकात के बारे में बात की।



## सर्बिया में पूरी की सिटाडेल की शूटिंग

**मुंबई।** वरुण धवन इन दिनों अपने कई अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। वरुण ने कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं, जिनमें से एक है 'सिटाडेल'। अब वरुण धवन ने फैंस के साथ 'सिटाडेल' के बारे में अपडेट साझा किया है। अभिनेता ने बताया है कि उन्होंने सीरीज के एक शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। अभिनेता वरुण धवन ने अपनी आगामी एक्शन वेब सीरीज 'सिटाडेल' का सर्बिया शेड्यूल पूरा कर लिया। वरुण ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्ट साझा कर यह जानकारी दी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, ₹यह सर्बिया के लड़कों और लड़कियों का समापन है,₹। तस्वीर में वरुण को अभिनेता साकिब सलीम और निर्देशक जोड़ी राज और डीके के साथ पोज देते देखा जा सकता है।

### टीवी मसाला



## सलमान ने जमकर लगाई आकांक्षा-आलिया की क्लास

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी 2' इस बार उतनी ही सुर्खियां बटोर रहा है, जितना कलर्स पर प्रसारित होने वाला 'बिग बॉस'। इसको हम सलमान खान का जादू कहें या ओटीटी के दूसरे सीजन में आए कंटेस्टेंट्स का, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन यह सीजन दिन-ब-दिन धमाकेदार होता जा रहा है। बीते दिन शो को मसालेदार बनाने और कंटेस्टेंट्स को उनकी गलतियां गिनाने भाईजान 'वीकएंड का वार' एपिसोड लेकर आए। इस एपिसोड में सलमान खान ने अभिषेक मल्हान, आकांक्षा पुरी और आलिया सिद्दीकी की जमकर क्लास लगाई। इतना ही नहीं इस एपिसोड में मनीश पॉल अपनी वेब सीरीज 'रफूचक्कर' को प्रमोट करने भी पहुंचे। एपिसोड की शुरुआत अभिनेता मनीष पॉल द्वारा घर के सदस्यों के साथ अपनी हाल ही में रिलीज हुई सीरीज 'रफूचक्कर' को प्रमोट करने से हुई। मनीष ने सभी कंटेस्टेंट्स के साथ एक गेम खेला, जिसमें घर के सदस्यों को अन्य प्रतियोगियों को विचित्र फिल्म शीर्षक देना था। गेम के दौरान सभी ने खूब मस्ती-मजाक किया और इसके बाद मनीष पॉल स्टेज पर सलमान खान के साथ शामिल हो गए थे। हालांकि, इसके बाद 'वीकएंड का वार' का असली खेल शुरू हुआ और सलमान ने एक के बाद एक कंटेस्टेंट्स को खूब फटकार लगाई।

### पलक करेंगी अविनाश को बेनकाब!

**मुंबई।** विवादित शो 'बिग बॉस ओटीटी 2' शानदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। सलमान खान के जरिए होस्ट किए जाने वाले इस सीजन में एक से बढ़कर एक कंटेस्टेंट्स आए हैं। वहीं, टीआरपी को मद्देनजर रखते हुए इसमें एक्स कपल पलक पुरसवानी और अविनाश सचदेव को भी बुलाया गया है। यह जोड़ा पहले दिन से ही एक-दूजे से भिड़ता नजर आ रहा है। दोनों अक्सर अन्य कंटेस्टेंट्स के साथ मिलकर अपने पास्ट को लेकर बातचीत करते भी नजर आते हैं।



हालांकि, अब इस एक्स कपल को एक बार फिर एक-दूजे पर बरसते देखा गया है। साथ ही पलक ने तो अविनाश को धमकी तक दे दी है। 'बिग बॉस ओटीटी 2' के अपडेट की बात करें तो हाल ही में पलक और अविनाश, पूजा भट्ट के साथ नॉमिनेशन पर चर्चा कर रहे थे। तीनों गार्डन एरिया में बैठे थे और इसी दौरान पलक ने अविनाश से कहा कि वह घर से बेघर होने के लिए अपने सदस्यों को नामांकित करने के पीछे के कारण के बारे में स्पष्ट नहीं हैं।

## हैप्पी न्यू ईयर के बाद फिर साथ आएंगे शाहरुख-फराह

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान और डॉस डायरेक्टर फराह खान के बीच न सिर्फ निजी तौर पर बल्कि प्रोफेशनल तौर पर भी अच्छा तालमेल है। दोनों ने मैं हूं ना, ओम शांति ओम और हैप्पी न्यू ईयर जैसी फिल्मों में साथ काम किया है और अपनी कला से दर्शकों का मनोरंजन किया है। दोनों की जोड़ी 2014 में फिल्म हैप्पी न्यू ईयर में देखी गई थी। तब से फैंस उनके एक साथ आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फैंस का यह इंतजार खत्म होने वाला है। खबर है कि नौ वर्षों के बाद फिर से शाहरुख और फराह को जोड़ी साथ होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख और फराह कई सालों के बाद एक साथ काम करने की योजना बना रहे हैं। प्रोजेक्ट अभी भी चर्चा के शुरुआती चरण में है। चर्चा है कि इस बार शाहरुख फराह निर्माता और निर्देशक के रूप में काम करेंगे। संभावना है कि फराह शाहरुख के साथ एक मसाला फिल्म बनाने की तैयारी में हैं और शाहरुख भी उनके समर्थन में हैं। मीडिया सूत्र के मुताबिक, शाहरुख फराह की नई फिल्म के निर्माता होंगे। पहले एक स्टूडियो फिल्म को बनाने वाला था और शाहरुख के इसमें मुख्य भूमिका निभाने पर विचार हो रहा था, लेकिन अब कहानी में बदलाव हो गया है। ऐसे में फिल्म में विभिन्न अभिनेता काम करेंगे।



## कोई बांधता है काला धागा तो किसी को रत्न पर भरोसा, टोटके पर विश्वास करते हैं ये सितारे...

**मुंबई।** हर किसी के लिए अपना हुनर साबित करने का सुनहरा मंच चाहिए होता है। कई बार उनको वह आसानी से मिल जाता है तो कई बार इसके लिए उनको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है फिर भी वह मुकाम हासिल नहीं हो पाता है तो लोग अंधविश्वास और टोने-टोटके का भी सहारा लेने लगते हैं। हिंदी सिनेमा में भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जो इन सभी बातों पर विश्वास करते हैं।

**शिल्पा शेट्टी :** इस लिस्ट में शिल्पा शेट्टी का नाम सबसे पहले लिया जाता है। शिल्पा का मानना है कि जब से उनकी मां ने उन्हें खास पन्ना अंगूठी गिफ्ट की है, उन्हें अपने करियर में कभी मुड़कर नहीं देखना पड़ा है।



**अमिताभ बच्चन :** बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन के करियर में एक समय ऐसा भी आया था, जब उनका फिल्मी करियर सही से नहीं चल रहा था। साथ ही वह बैंकरप्ट हो गए थे, जिसके बाद उन्होंने नीलम रत्न की अंगूठी पहनी। इस अंगूठी को पहनने के बाद उनका काम फिर पटरी पर लौटने लगा। ऐसे में वह इसे अपने लिए लकी मानते हैं।

**काजोल :** काजोल के लिए पति अजय देवगन से मिली यह हीरे जड़ित ओम लिखी रिंग खास अजीज है। इसके बिना वह कहीं नहीं दिखाई देती हैं। दरअसल काजोल का मानना है कि यह अंगूठी उन्हें जहां प्रोफेशनली मदद करती है, वहीं उनकी पर्सनल लाइफ में भी शांति बनाए रखने में मददगार है। काजोल इसे अपने सीधे हाथ में पहनती हैं।

**विद्या बालन :** विद्या बालन अक्सर ही काजल लगाए नजर आती हैं। उनका यह हाशमी काजल खास पाकिस्तान से आता है। इस काजल को विद्या मेकअप के तौर पर नहीं वह इसे अपने लक के लिए लगाती हैं। अभिनेत्री का मानना है कि हाशमी काजल और उनके हाथों में पहने हुए बीड्स वाले ब्रेसलेट ने उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों लाइफ को बेहतर किया है।

**रणवीर सिंह :** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह एक काले धागे को अपने लिए लकी मानते हैं। इस धागे को उनकी मां ने उन्हें जब वह बीमार पड़े थे तब पहनाया था। उसके बाद से कभी भी उन्होंने इस धागे को खुद से अलग नहीं होने दिया। यह धागा उनके सीधे पैर में बंधा हुआ है। रणवीर ने इसे न्यूड फोटोशूट के वक्त भी नहीं उतारा था।

### एक-दूसरे से नफरत नहीं करते सितारे, राहें जुदा लेकिन साथ भी बना हुआ

## तलाक के बाद भी सेलेब्स निभा रहे दोस्ती का खूबसूरत रिश्ता

*मुंबई। मनोरंजन की चकाचौंध दुनिया में प्यार शादी फिर तलाक आम बात हो गई है। कई सेलेब्स के बीच सेट पर साथ काम करते हुए प्यार हो जाता है। फिर वह एक दूसरे को डेट करने लगते हैं और रिश्ते को आगे बढ़ाते हुए शादी के बंधन बंध जाते हैं। वहीं, कुछ सेलेब्स शादी के कुछ साल बाद तलाक लेकर अलग हो जाते हैं। आज हम आपको उन सेलेब्स के बारे में बताने जा रहे है, जो भले ही तलाक लेकर अलग हो चुके हैं, लेकिन आज भी उनके बीच दोस्ती का रिश्ता कायम है।*

### बच्चों के लिए दोस्ती का खूबसूरत रिश्ता ऋतिक और सुजैन का



इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है ऋतिक रोशन और सुजैन खान का। ऋतिक रोशन और सुजैन खान फिल्मी दुनिया के पॉवर कपल हुआ करते थे। दोनों ने साल 2000 में शादी रचाई थी और शादी के बाद सुजैन ने दो बेटे ऋदान और ऋहान को जन्म दिया, लेकिन ऋतिक और सुजैन का रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं चल पाया। उन्होंने अपनी 14 साल की शादी को खत्म करते हुए 2014 में तलाक लेने का फैसला कर लिया था। उन्होंने एक बयान जारी किया था, जिसमें दोनों ने तलाक लेने की बात कही थी। हालांकि, तलाक के बाद आज भी दोनों अपने बच्चों के लिए दोस्ती का खूबसूरत रिश्ता साझा करते हैं।

### आमिर और किरण अब दोस्त की तरह

अगला नाम आता है आमिर खान और किरण राव का। आमिर खान और किरण राव की पहली मुलाकात फिल्म लगान के सेट पर हुई थी। दोनों के बीच प्यार हुआ और फिर दोनों ने साल 2005 में शादी कर ली। शादी के बाद आमिर खान और किरण राव एक बेटे आजाद के माता पिता बने। हालांकि, शादी के 15 साल बाद तीन जुलाई 2021 को आमिर खान और किरण ने एक जॉइंट स्टेटमेंट के जरिए अपने तलाक की घोषणा की थी। अब दोनों अपने बेटे आजाद के लिए दोस्त की तरह अपने रिश्ते को आगे बढ़ा रहे हैं।



### अनुराग और कल्कि हैं अच्छे दोस्त

कल्कि कोचलिन और अनुराग कश्यप भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाए हुए हैं। अनुराग और कल्कि की शादी ज्यादा अरसे तक नहीं चल सकी। शादी के महज चार साल बाद ही दोनों अलग हो गए। हालांकि इसके बाद भी दोनों अच्छे दोस्त बने रहे। अनुराग ने एक बार इंटरव्यू में बात करते हुए इस बात का खुलासा किया था कि वह दोनों अच्छे दोस्त बने हुए हैं।





### कोंकणा और रणवीर अलग हुए लेकिन साथ बना हुआ

इस लिस्ट में कोंकणा सेन और रणवीर शौरी भी शामिल हैं। दोनों ने साल 2010 में गुपचुप तरीके से शादी रचाई थी। दोनों का एक बेटा है, जिसका नाम हारून है। दोनों का रिश्ता महज 5 साल ही चल सका। दोनों साल 2015 में अलग हो गए थे और फिर रणवीर और कोंकणा ने साल 2020 में तलाक ले लिया था।

### अरबाज और मलाइका अक्सर साथ-साथ



बॉलीवुड अभिनेता व निर्माता अरबाज खान और अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा भी इस लिस्ट में शामिल हैं। अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा को परफेक्ट कपल कहा जाता था। दोनों साल 1998 में शादी के बंधन में बंधे थे। उनका एक बेटा भी है, जिसका नाम अरहान खान है। हालांकि, समय के साथ अरबाज और मलाइका की जिंदगी में कड़वाहट आने लगी। जिस वजह से उन्होंने अलग होने का फैसला कर लिया। साल 2017 में अरबाज और मलाइका तलाक लेकर हमेशा-हमेशा के लिए अलग हो गए। लेकिन अपने बेटे अरहान के लिए दोनों अक्सर एक साथ नजर आते हैं।

# महिला खिलाड़ियों को परेशान कर सकता है 'फीमेल एथलीट ट्रायड'

**शरीर और खेल जरूरतों में संतुलन नहीं होने से दिक्कत**

खेल और व्यायाम एक संतुलित और स्वस्थ जीवन शैली का हिस्सा हैं। अक्सर माना जाता है कि खिलाड़ी ज्यादा स्वस्थ होते हैं। वे एक बेहतर और तनावमुक्त जीवन जीते हैं। वहीं, हम बात अगर महिला खिलाड़ियों की करें, तो वे भी अब किसी से कम नहीं। भले ही लोगों को लगता है कि लड़कियों की शारीरिक बनावट खेल के लिए नहीं बनी पर आज लड़कियां खेल के मैदान में पुरुषों से कहीं आगे हैं और दुनिया में सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। हालांकि कुछ महिला खिलाड़ियों के लिए अपने शरीर और खेल की जरूरतों को संतुलित नहीं कर पाना परेशानी बन सकती है। कई बार जरूरत से ज्यादा व्यायाम और खेल से महिला खिलाड़ी अक्सर फीमेल एथलीट ट्रायड का शिकार हो जाती हैं। खेल चिकित्सकों का कहना है कि यदि स्वस्थ जीवन शैली अपनाई जाए तो महिला खिलाड़ियों को काफी हद तक इस समस्या से मुक्ति मिल सकती है।



**कई बार ज्यादा अभ्यास भी बढ़ा देता है परेशानी**

**शरीरिक कमजोरी अनियमित मासिक धर्म और लो बीएमडी भी जिम्मेदार**

## लक्षण

- अव्यवस्थित खान-पान
- बालों का झड़ना
- रूखी त्वचा
- थकान
- वजन घटना
- चोटों का जल्दी ठीक न होना
- स्ट्रेस फ्रैक्चर बढ़ना
- मासिक धर्म

## ये दिक्कत

- कम आत्मसम्मान
- अवसाद
- चिंता एवं अशांति
- एनीमिया
- ऑर्थोस्टेटिक हाइपोटेंशन
- वेजाइनल एट्रॉफी
- ब्रैडीकार्डिया

## फीमेल एथलीट ट्रायड एक तरह का डिसऑर्डर

### क्या है फीमेल एथलीट ट्रायड

*फीमेल एथलीट ट्रायड एक तरह का डिसऑर्डर है। यह तीन तरह की स्थितियों में होता है।*

**1. अव्यवस्थित भोजन :** अधिकांश खिलाड़ी अपने एथलेटिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए वजन कम करने की कोशिश करती हैं। अव्यवस्थित खान-पान और शरीर के हिसाब से प्रयाप्त कैलोरी नहीं लेने के कारण उनमें ऊर्जा की कमी होने से यह डिसऑडर हो सकता है।

**2. एमेनोरिया यानी मासिक धर्म की शिथिलता:** कई बार देखने में आता है कि तेजी से व्यायाम करने और पर्याप्त कैलोरी न खाने से शरीर में कुछ हार्मोन्स के रिलीज में कमी आ सकती है। इसके कारण मासिक धर्म चक्र यानी मेंस्ट्रुअल साइकिल में ब्रेक होने लगता है। नतीजतन, पीरिएड्स अनियमित हो सकता है या पूरी तरह से रुक सकता है। कड़ी ट्रेनिंग व प्रशिक्षण के बढ़ने के कारण भी यह समस्या हो जाती है।

**3. ऑस्टियोपोरोसिस(लो बीएमडी):** इस स्थिति में महिला खिलाड़ियों में एस्ट्रोजेन कम होने लगता है। कम एस्ट्रोजन का स्तर, खराब पोषण और विशेष रूप से कम कैल्शियम के सेवन से हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। इससे अस्थि, खनिज व घनत्व (बीएमडी) कम हो जाता है। हड्डियों के वजन में कमी और अनुचित हड्डी गठन से ऑस्टियोपोरोसिस बढ़ने लगता है। बीएमडी को दोहरी ऊर्जा एक्सरे अवशोषकमिति (डीईएक्सए) पर मापा जाता है। कम बीएमडी डेक्सा स्कोर-1.0 से कम है।

*-(ये उपरोक्त तीन घटक महिला खिलाड़ियों के लिए चुनौती बन सकते हैं। इन तीन कारणों से करीब 16% महिला खिलाड़ियों में फीमेल एथलीट ट्रायड की शिकायत मिलती है।)*

### इन खेलों में परेशानी

- दौड़
- जिम्नास्टिक
- बैले डांस
- नृत्य
- स्केटिंग
- फिगर स्केटिंग



### जांच में पूछे जाते हैं ये सवाल

1. क्या आपको कभी मासिक धर्म हुआ है?
2. जब पहला मासिक धर्म हुआ था तब उम्र क्या थी?
3. आपकी सबसे हाल की माहवारी कब हुई थी?
4. पिछले 12 माह में कितने मासिक धर्म हुए हैं?
5. क्या आप वर्तमान में कोई महिला हार्मोन (एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन, जन्म नियंत्रण की गोलियां) ले रहे हैं?
6. क्या आप अपने वजन को लेकर चिंतित हैं?

### डेक्सा स्कैन करवाएं

*बोन डेंसिटी टेस्ट यानी डेक्सा स्कैन एक प्रकार का एक्स-रे है जो अस्थि, खनिज, घनत्व और हड्डी हानि को मापता है। इससे कम बीएमडी का भी पता लगाया जा सकता है।*

1. खाने के विकार का इतिहास।
2. कम बीएमआई।
3. शरीर का कम वजन।
4. 16 की उम्र के बाद माहवारी।
5. पिछले वर्ष की तुलना में मासिक धर्म की संख्या में कमी।
6. स्ट्रेस फ्रैक्चर का इतिहास।

*(किसी खिलाड़ी को ये उपरोक्त दिक्कतें हैं तो डेक्सा स्कैन करवाएं।)*

### यह भी जानें

- यदि बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) 17.5 किग्रा/एम2 से कम है, तो कम ऊर्जा उपलब्धता की स्थिति है।
- कम ऊर्जा उपलब्धता प्रति दिन शरीर के 45केसीएएल/केजी से कम बताई गई है।

**स्वस्थ जीवन शैली दे सकती है खिलाड़ियों को राहत**

### ऐसे होगा निदान

एमेनोरिया के निदान में सबसे महत्वपूर्ण गर्भावस्था, थायरॉयड विकार, पिट्यूटरी, अंडाशय या अन्य अंतःस्रावी रोगों के विकारों को दूर करना है। एमेनोरिया का उपचार मौखिक गर्भ निरोधक भी है।

### एक्सपर्ट व्यू



### महिला एथलीट ट्रायड का मूल्यांकन व उपचार जटिल मुद्दा

महिला एथलीट ट्रायड का मूल्यांकन और उपचार एक जटिल मुद्दा है। इसका इलाज मल्टी स्पेशलिटी टीम द्वारा ही किया जाना चाहिए। इसमें एक को ध्यान से निगरानी करने की जरूरत है। कैलोरी का सेवन, वजन बढ़ना और मासिक धर्म का फिर से शुरू होना। निरंतर कम ऊर्जा उपलब्धता स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। यह कार्डियोवैस्कुलर, अंतःस्रावी, प्रजनन, कंकाल, गुर्दे, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की समस्याओं से जुड़ी है। इसलिए तीनों के साथ महिला एथलीटों में शुरुआती पहचान और हस्तक्षेप जरूरी है। *-डॉ. राजेश रोहिल्ला, सीनियर प्रोफेसर, हेड ऑफ डिपार्टमेंट, स्पोर्ट्स मेडिसन एवं स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर पीजीआईएमएस, रोहतक*

### आहार में संतुलन जरूरी

कम ऊर्जा उपलब्धता को पूरा करने के लिए एक अच्छी डिजाइन की गई पोषण योजना है। इसका अनुसरण करने से वजन नियंत्रित हो सकता है। बीएमआई को 18.5 किग्रा/एम2 या अनुमानित वजन का 90% से अधिक प्राप्त करती है और 2000किलो कैलोरी/दिन का न्यूनतम ऊर्जा सेवन कराती है। आहार में कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीन का संतुलन होना चाहिए। कुछ खिलाड़ियों में कम ऊर्जा की खपत के कारण नहीं, बल्कि अत्यधिक व्यायाम के कारण भी ऊर्जा की उपलब्धता कम होती है।

---

## एक नज़र



### अमेरिका ने जमैका को 1-1 से बराबरी पर रोका

**शिकागो।** ब्रेंडन वाजक्वेज के 88वें मिनट में दागे गोल की बदौलत गत चैंपियन अमेरिका ने कोनकाकाफ गोल्फ कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले मैच में जमैका को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। डेमियन लोव ने शनिवार रात दुनिया की 63वें नंबर की जमैका की टीम को 13वें मिनट में बढ़त दिलाई। लोव का 53 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में यह तीसरा गोल है। उन्होंने डेमाराई ग्रे की फ्री किक पर हेडर से गोलकीपर मैट टर्नर को छकाते हुए गोल किया। वाजक्वेज ने इसके बाद मैच के अंतिम लम्हों में सात यार्ड की दूरी से अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर अमेरिका को बराबरी दिला दी।

### सुतिर्था-अयहिका ने फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** सुतिर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने ट्यूनिस में डब्लूटीटी कंटेडर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने शनिवार को कोरिया की शिन युबिन और जियोन जिही की जोड़ी को सेमीफाइनल में 3-2 (7-11, 11-9, 11-9, 7-11, 11-9) से पराजित किया।

---

**विश्व कप क्वालीफायर : 103 गेंदों पर दिमुथ ने बनाए 103 रन**

# करुणारत्ने ने जड़ा पहला वनडे शतक सदीरा के साथ की रिकॉर्ड साझेदारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जिम्बाब्वे में खेले जा रहे विश्व कप क्वालीफायर मैच में रविवार को श्रीलंका का सामना आयरलैंड से हुआ। इस मैच में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम की तरफ से दिमुथ करुणारत्ने ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपने वनडे कॅरियर का पहला शतक ठोक दिया है। दिमुथ के इस शतक से श्रीलंका टीम को काफी मजबूती मिली है।

दरअसल, श्रीलंका की तरफ से पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाद पथुम निसंका 20 रन पर अपना विकेट गंवा बैठे थे। इसके बाद दिमुथ करुणारत्ने और सदीरा समराविक्रमा ने टीम की पारी को संभाला और दोनों के बीच 160 से ज्यादा रनों की साझेदारी हुई। ये पार्टनरशिप श्रीलंका के लिए वनडे की सबसे बड़ी साझेदारी रही। दोनों बल्लेबाजों ने 161 रन की इस साझेदारी से 2010 में दिलशान और थरंगा की साझेदारी को पीछे छोड़ दिया। बता दें कि मैच में दिमुथ का बल्ला जमकर गरजा और उन्होंने वनडे क्रिकेट कॅरियर का अपना पहला शतक जड़ दिया। 103 गेंदों पर दिमुथ 103 रन बनाकर बोल्ड हुए।



### लगातार 50+ स्कोर

| खिलाड़ी | वर्ष | टाइम |
|---|---|---|
| सनथ जयसूर्या | 1997 | 5 बार |
| तिलकरत्ने दिलशान | 2013 | 5 बार |
| कुमार संगकारा | 2014 | 5 बार |
| दिनेश चांदीमल | 2016 | 5 बार |
| दिमुथ करुणारत्ने | 2023 | 5 बार |

### दिमुथ के 1000 रन पूरे

दिमुथ करुणारत्ने ने इसके साथ ही वनडे में अपने 1000 रन भी पूरे किए। ऐसा करने वाले वह 35वें श्रीलंकाई बल्लेबाज बन गए। वहीं, श्रीलंका के लिए लगातार किसी साल वनडे पारियों में 50 से ज्यादा रन बनाने के मामले में दिमुथ का नाम जुड़ गया है। साल 2023 में दिमुथ ने श्रीलंका के लिए कुल 5 बार वनडे में 50 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया है।

### देश के सबसे उम्रदाराज शतकवीर बने दिमुथ

बता दें कि दिमुथ करुणारत्ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आयरलैंड के खिलाफ शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ये उपलब्धि क्वालीफायर मुकाबले में शतक ठोककर की। वहीं, दिमुथ करुणारत्ने 35 की उम्र में अपना पहला वनडे जड़ने वाले सबसे उम्रदराज श्रीलंकाई (35 वर्ष 65 दिन) बन गए। उनसे पहले श्रीलंका की तरफ से तिलन समरवीरा (32 साल 351 दिन) ने ये कारनामा किया था।

---



# भारतीय टीम के स्पेशल ओलंपिक में 157 पदक

एजेंसी ▸▸ बर्लिन

रोलर स्केटर्स के दो स्वर्ण और तीन रजत पदक से भारत ने यहां स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों में अपने पदकों की संख्या को 150 पदक के आंकड़े के पार पहुंचाया। भारत इन खेलों में अब तक कुल 157 पदक, (66 स्वर्ण, 50 रजत, 41 कांस्य) जीत चुका है। खेलों में अब सिर्फ एक दिन की प्रतियोगिताएं बची हैं। आर्यन (300 मीटर) और दीपन (1000 मीटर) ने रोलर कोस्टर में स्वर्ण पदक जीते। भारत की फाइव ए साइड मिश्रित बास्केटबॉल टीम ने भी पुर्तगाल को 6-3 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले शनिवार को भारत की महिला टीम को फाइनल में स्वीडन के खिलाफ हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। रविवार को प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन भारत एथलेटिक्स, लॉन टेनिस और साइकिलिंग में पदक जीतने के इरादे से उतरेगा।

### मोहन बागान ने सादिकु को अनुबंधित किया

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग चैंपियन मोहन बागान की अग्रिम पंक्ति को मजबूती मिली जब क्लब ने अल्बानिया के शीर्ष सेंटर फारवर्ड अरमांडो सादिकु से अनुबंध किया। यूरो 2016 में रोमानिया के खिलाफ अल्बानिया की एतिहासिक जीत में एकमात्र गोल करके सुर्खियां बटोरने वाले 32 साल के सादिकु ने मोहन बागान के साथ दो साल का करार किया है। क्लब ने रविवार को इसकी घोषणा की। मोहन बागान की अग्रिम पंक्ति में पहले ही ह्यूगो बोमोस और दिमित्री पेट्राटोस शामिल हैं और सादिकु के आने से इसे और मजबूती मिलेगी।

---

**शीर्ष पहलवानों के बीच जारी जुबानी जंग, सरासर झूठ बोल रहा बजरंग पूनिया**

# बजरंग को अपने खिलाफ हारने के लिए कभी नहीं कहा: योगेश्वर

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

देश के दो शीर्ष पहलवानों के बीच जारी जुबानी जंग में योगेश्वर दत्त ने बजरंग पूनिया के उस बयान को 'सरासर झूठ' करार दिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ने उन्हें जानबूझकर मुकाबला गंवाने के लिए कहा था। बजरंग ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा था कि योगेश्वर ने उन्हें कई बार मुकाबला गंवाने के लिए कहा था। बजरंग के दावे के बारे में जब योगेश्वर से पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैंने उसे कभी हारने के लिए नहीं कहा, यह सरासर झूठ है।' 'ओलंपिक क्वालीफिकेशन (2016) के दौरान, वह 65 किग्रा ट्रायल का हिस्सा था, लेकिन हमने एक-दूसरे का सामना नहीं किया था। अमित धनखड़ ने उसे हराया था। इसके बाद आखिरी मुकाबले में मैंने अमित का सामना किया था।'

### सहयोगी के तौर पर बजरंग को साथ लेकर गया



योगी ने कहा, 'प्रो रेसलिंग लीग' में हमने एक-दूसरे का मुकाबला किया था। मैंने वहां 3-0 की जीत दर्ज की थी। अगर मैं चाहता तो और अधिक स्कोर कर सकता था। हर कोई जानता है कि यह सिर्फ दिखावे का मुकाबला था।' कुश्ती छोड़ने के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेता बने योगेश्वर ने कहा कि वह विदेशी दौरे हमेशा अपने अभ्यास सहयोगी के तौर पर बजरंग को लेकर जाते थे। ओलंपिक 2016 से पहले मैं जब भी विदेश जाता था तब बजरंग को अपने अभ्यास सहयोगी के तौर पर लेकर जाता था, लेकिन उसने मेरे साथ धोखा किया है। मुझे नहीं पता कि वह मेरे पर आरोप क्यों लगा रहा है और मेरी मेरी छवि खराब कर रहा है।'

### यह भी खुलासा

योगेश्वर को लगता है कि 2018 में उनसे अलग होने का फैसला करने के बाद बजरंग इस तरह के झूठे आरोप लगाकर उन पर हिसाब बराबर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, '2018 में बजरंग ने मुझसे कहा कि 'मुझे राष्ट्रमंडल खेलों में जाने दो और तुम एशियाई खेलों में चले जाना' लेकिन मैंने उससे कहा कि मैं ट्रायल्स खेलकर जाऊंगा। उसके बाद वह मुझसे नाराज हो गया और हमने एक-दूसरे से बात करना बंद कर दिया।'

### 2016 में ले लिया था संन्यास

योगेश्वर दत्त ने कहा कि 2016 ओलिंपिक के बाद में कुश्ती छोड़ दी थी और संन्यास ले लिया था। बजरंग एक बात बताना भूल गया किया 2016 वर्ल्ड चैंपियनशिप के दौरान तुम्हारा ही फोन आया था, उस समय भी वर्ल्ड चैंपियनशिप खेलने से मना कर दिया।

### गौ माता की कसम खाता हूं

योगी ने कहा 'हमारे धर्म में 'गौ माता' को पवित्र माना जाता है और मैं गौ माता की कसम खाकर कह सकता हूं कि मैंने कभी भी बजरंग से मैच हारने के लिए नहीं कहा।' योगेश्वर ने शुक्रवार को भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा नियुक्त तदर्थ पैनल के उस फैसले पर सवाल उठाया था जिसमें इन पहलवानों को सिर्फ एक मुकाबले के ट्रायल में हिस्सा लेना होगा।

### 2019 के पोस्ट को साझा किया

योगेश्वर ने इसके साथ ही ट्विटर पर बजरंग के अगस्त 2019 के पोस्ट को साझा करते हुए लिखा, 'किस हद तक गिरोगे। बोलना अगर 2018 में छोड़ा था तो 2019 को ये गुरु जी मानकर परमात्मा के शुक्रिया की पोस्ट कैसे बेटे।' बजरंग ने इस ट्वीट में योगेश्वर को अपना गुरु बताया था।

---

# फोगाट ने बिना तारीख वाला पत्र साझा किया ट्रायल्स से छूट नहीं, अतिरिक्त समय मांगा था

भाषा ▸▸ नई दिल्ली



विनेश फोगाट ने रविवार को सोशल मीडिया पर यह साबित करने के लिए बिना तारीख वाला एक पत्र साझा किया कि प्रदर्शन कर रहे छह पहलवानों ने एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट देने की मांग नहीं की थी और केवल उन्होंने तैयारी के लिए अगस्त तक समय मांगा था। विनेश ने इस पत्र की फोटो साझा की जिसमें उनके सहित छह पहलवानों का जिक्र है जिन्होंने ट्रायल्स से पहले ट्रेनिंग के लिए कुछ अतिरिक्त समय मांगा था। आईओए के तदर्थ पैनल ने प्रदर्शनकारी इन छह पहलवानों को छूट देते हुए केवल एक मुकाबले का ट्रायल कराने का फैसला किया था लेकिन कई स्थापित और उभरते हुए पहलवानों ने इसकी आलोचना करते हुए प्रत्येक के लिए निष्पक्ष ट्रायल्स की मांग की थी।

### विनेश का भाजपा नेता योगेश्वर को जवाब

विनेश ने हालांकि यह नहीं कहा कि वे पूरे ट्रायल्स में हिस्सा लेने के इच्छुक हैं जैसे कि सभी अन्य पहलवान ले रहे हैं। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को संबोधित करते हुए इस बिना तारीख वाले पत्र में लिखा है, ''निवेदन है कि विरोध प्रदर्शन में शामिल होने वाले कुछ पहलवानों को एशियाई खेल 2023 और विश्व चैम्पियनशिप 2023 के ट्रायल्स की तैयारी के लिए कुछ समय की आवश्यकता है जिनके नाम निम्नलिखित हैं। '' इसमें अनुरोध विरोध प्रदर्शन करने वाले पहलवान बजरंग पूनिया (65 किग्रा), साक्षी मलिक (62 किग्रा) और उनके पति सत्यव्रत कादियान (97 किग्रा), संगीता फोगाट (57 किग्रा), जितेंदर कुमार (86 किग्रा) और खुद विनेश (53 किग्रा) के लिए किया गया था। इस पत्र में छह पहलवानों के हस्ताक्षर हैं जिसमें लिखा, ''कृपया करके इन पहलवानों के ट्रायल्स 10 अगस्त 2023 के बाद कराये जायें। '' पत्र के साथ ही विनेश ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा, ''हम आंदोलित पहलवानों ने ट्रायल्स को सिर्फ आगे बढ़ाने के लिए चिट्ठी लिखी थी क्योंकि पिछले छह महीने से आंदोलन में शामिल होने के कारण हम अभ्यास नहीं कर पाए। ''

# 24 घंटे बाद रोस्तोव-ऑन-डॉन शहर से निकले वैगनर सैनिक, रूस से हुई डील

## बेलारूस के राष्ट्रपति की मध्यस्थता के बाद टल गया संकट

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस में बहुत बड़े विद्रोह का खतरा फिलहाल टल गया है। यूक्रेन में रूस की तरफ से लड़ने वाले वैगनर ग्रुप के मालिक येवगेनी प्रिगोजिन ने रूस के खिलाफ ही बगावत का ऐलान कर दिया था, जिसे अब उन्होंने वापस ले लिया है। बेलारूस के राष्ट्रपति की मध्यस्थता के बाद अब ये संकट टल गया है। प्रिगोजिन ने कहा, कि उन्होंने खून खराबा रोकने के लिए मॉस्को की तरफ बढ़ने का फैसला छोड़ दिया। वहीं, पुतिन के करीबी और चेचन्या नेता कादिरोव ने कहा कि किसी भी वैगनर विद्रोह को रोकने के लिए अत्यधिक उपायों की आवश्यकता होगी, जिसके लिए रूसी संघ की अखंडता पर अतिक्रमण करने वाले किसी भी व्यक्ति का कठोर दमन और विनाश की आवश्यकता होगी।

हमला जितनी तेजी से उतनी ही तेजी से भागे

रूस पर अतिक्रमण बर्दास्त नहीं

■ जितनी तेजी से रूस पर वैगनर चीफ ने हमला किया था, उससे ज्यादा तेजी से भागने की घोषणा कर दी। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने सुरक्षा परिषद की आपातकालीन बैठक की।



### वैगनर सेनानी लिपेत्स्क क्षेत्र से हटे

एएफपी भाड़े के समूह द्वारा विद्रोह को समाप्त करने के लिए एक समझौते के बाद रूस की सरकार ने रविवार को कहा कि वैगनर सेनानियों ने दक्षिणी रूस में लिपेत्स्क क्षेत्र छोड़ दिया है। रूसी राजनयिक गए बीजिंग राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए चुनौती बढ़ रही है। ऐसे में रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको की अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चीन के साथ बातचीत होने जा रही है। इसके लिए उप विदेश मंत्री रुडेंको बीजिंग पहुंच रहे हैं। रूस की संघीय सड़क एजेंसी का कहना है कि मॉस्को और तुला क्षेत्रों में मुख्य एम-4 राजमार्ग पर यातायात प्रतिबंध जारी रहेगा। पहले के फैसलों के अनुसार, तुला और मॉस्को क्षेत्रों में एम-4 के साथ यातायात पर प्रतिबंध यथावत रहेगा।

### 48 मिलियन अमेरिकी डॉलर जब्त

मास्को रिपोर्ट के मुताबिक वैगनर ग्रुप के मुख्यालय से 48 मिलियन अमेरिकी डॉलर जब्त किए गए हैं और वैगनर आर्मी अब मॉस्को से वापस लौट रही है। मास्को पर हमला रोकने का फैसला मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने वैगनर चीफ से बात करने के बाद मास्को पर हमला रोकने का फैसला किया है।

### क्रेमलिन ने वापस लिए आपराधिक मामले



क्रेमलिन ने शनिवार को कहा कि रूस के खिलाफ बगावत का ऐलान करने वाले वैगनर ग्रुप के मुखिया येवगेनी प्रिगोझिन ने अपने लड़ाकों को मास्को कूच करने से रोक दिया है। क्रेमलिन ने वैगनर ग्रुप पर लगे सभी आरोपों को वापस ले लिया है। पेसकोव ने कहा, बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको की मध्यस्थता में हुए समझौते के तहत, वैगनर सेनानियों पर मुकदमा नहीं चलाया जाएगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मीडिया को बताया, रक्तपात, आंतरिक टकराव और अप्रत्याशित नतीजों वाले संघर्ष से बचना सर्वोच्च लक्ष्य था।

## एक नज़र

### पाकिस्तान में दो यात्री बसों में भिड़ंत, 10 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के नवाब शाह जिले में रविवार को दो यात्री बसों की टक्कर हो गई। इस हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक घायल हो गए।



रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना जिले के दौर इलाके में हुई है। यहां पर एक लेन वाले रोड पर विपरीत दिशाओं में जा रही दो बसें एक ही समय में दो अलग-अलग वाहनों से आगे निकल गईं, जिस वजह से यह दुर्घटना हुई। बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया और सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### तीन पुलिसकर्मी हत्या के आरोप में निलंबित

**सैन एंटोनियो।** सैन एंटोनियो के तीन पुलिसकर्मियों पर एक महिला की उसके ही अपार्टमेंट में गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस के अनुसार वह महिला अपार्टमेंट परिसर में संपत्ति को नुकसान पहुंचा रही थी। पुलिस अधिकारी एलीज़ार एलेजांद्रो (28), अल्फ्रेड फ्लोरेस (45), नथानिएल विलालोबोस (27) को बिना वेतन के बल से निलंबित कर दिया गया। महिला पेरेज़ मानसिक स्वास्थ्य संकट से जूझ रही थीं। मैकमैनस ने कहा कि पुलिस को देखकर पेरेज़ भागकर घर गई।




### चीन के पीएम ली कियांग ने झड़पों को टाला

**बर्लिन।** चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने इस सप्ताह जर्मनी और फ्रांस की अपनी यात्रा के दौरान सार्वजनिक झड़पों को टाल दिया। विश्लेषकों ने इसे बीजिंग को अलग करने के लिए यूरोपीय देशों की अनिच्छा के संकेत के रूप में देखा। मार्च में देश के दूसरे नेता बनने के बाद ली की पहली विदेश यात्रा को चीनी अर्थव्यवस्था के जोखिम के बारे में जर्मन भय और जहां संभव हो बीजिंग के साथ सहयोग करने की फ्रांस की इच्छा को उजागर करने के रूप में देखा जा रहा है। ली ने जर्मनी और फ्रांस - के छह दिवसीय दौरे को चुना था।



## दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने पर की चर्चा

मिस्र के निमंत्रण पर दो दिवसीय राजकीय दौरा

# पीएम मोदी देखने पहुंचे गीजा के प्रसिद्ध पिरामिड

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के निमंत्रण पर मिस्र का दौरे पर हैं। मिस्त्र की राजधानी काहिरा में पीएम मोदी ने प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की। इस दौरान प्रवासी इंडियन कम्युनिटी ने उनका वेलकम किया। पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए बड़ी तादाद में भीड़ उमड़ी हुई है। पीएम मोदी ने इससे पहले रविवार दिन में काहिरा स्थित अल-हकीम मस्जिद का दौरा किया। पीएम मोदी ने इसके बाद काहिरा में हेलियोपोलिस युद्ध स्मारक पहुंचे और प्रथम विश्व युद्ध के दौरान शहादत देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। अल-सीसी ने पीएम मोदी का काहिरा स्थित राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने बैठक की। इस मस्जिद का भारत के दाऊदी बोहरा समुदाय की मदद से जीर्णोद्धार किया गया है।





### बोहरा समुदाय के शख्स ने कहा- पीएम मोदी एक परिवार की तरह मिले

काहिरा की अल-हकीम मस्जिद में भारतीय प्रवासी बोहरा समुदाय के शुजाउद्दीन शब्बीर तांबावाला ने कहा कि पीएम मोदी ने हमारे साथ बातचीत की तो हमें एक परिवार की तरह महसूस हुआ। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने काहिरा में मिस्र के योग टीचरों रीम जाबक और नाडा एडेल से मुलाकात की। मिस्र की योग प्रशिक्षक रीम जाबक ने कहा कि 'यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद उनके पास योग और मिस्र व दुनिया भर में इसके महत्व को संबोधित करने के लिए समय है। उधर, पीएम नरेंद्र मोदी ने काहिरा में भारतीय मूल के नागरिकों से भी मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हसन अल्लम प्रॉपर्टीज के सीईओ मोहम्मद मेधात हसन आलम से भी मुलाकात की। हसन ने कहा कि 'एक नेता के रूप में, एक दूरदर्शी के रूप में प्रधानमंत्री मोदी एक अविश्वसनीय व्यक्ति हैं। मुझे उनके साथ यह बैठक जानकारी पूर्ण, शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक लगी।

### दुनिया के सात आश्चर्यों में आता है पिरामिड का नाम

अमेरिका के आधिकारिक दौरे के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वक्त मिस्र के दौरे पर हैं। इस दौरान पीएम मोदी मिस्र में मौजूद एतिहासिक जगहों को देखने पहुंचे। इसी क्रम में पीएम मोदी गीजा का प्रसिद्ध पिरामिड देखने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ मिस्र का प्रतिनिधिमंडल भी था। आपको बता दें कि मिस्र में 100 से अधिक पिरामिड हैं। पिरामिड का नाम दुनिया के सात आश्चर्यों में आता है। यह सभी आश्चर्यों में सबसे प्राचीन है। अमेरिका में ये रिकॉर्ड बनाएंगे मोदी, देखें क्या रहेगा पीएम की लिस्ट में खास ये पिरामिड 2560 ईसा पूर्व के करीब बनवाया गए थे। मिस्र का पिरामिड उस वक्त बनाया गया था, जब मिस्र दुनिया के सबसे अमीर और शक्तिशाली सभ्यताओं में से एक था। इन पिरामिडों को देख लोग हैरत में पड़ जाते हैं कि आखिर इसे बनाया कैसे गया होगा। इतने विशालकाय और ऊंचे पिरामिड को बनाने के लिए लाखों पत्थरों का इस्तेमाल किया गया। इस पिरामिड को बनाने के लिए ग्रेनाइट और चूना पत्थर की 23 लाख पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। इसमें दो टन से लेकर 30 टन के पत्थर हैं। लोग इस बात पर आशचर्य में पड़ जाते हैं कि कि उस समय बिना उन्नत तकनीक के आखिर इतने बड़े पत्थर उठाकर कैसे पिरामिड के ऊपर रखा गये होंगे।

इन पिरामिड का निर्माण तत्कालीन राजाओं के शवों को दफनाने के लिए किया जाता था। राजा के तहखाने में न तो राजा की ममी मिली है और न ही रानी के तहखाने में रानी की ममी दिखी। मिस्र में कई पिरामिड हैं और काहिरा के उपनगर गीज़ा में तीन पिरामिड हैं, लेकिन सिर्फ गिजा का 'ग्रेट पिरामिड' ही प्राचीन विश्व के सात अजूबों की सूची में है। इन पिरामिडों में पत्थरों का इस्तेमाल इस तरह किया



गया है कि इसके अंदर का तापमान हमेशा स्थिर और पृथ्वी के औसत तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के बराबर रहता है। इतना ही नहीं, पिरामिड में नींव के चारों कोने के पत्थरों में बॉल और सॉकेट बनाये गये हैं ताकि ऊष्मा से होने वाले प्रसार और भूकंप से सुरक्षित रहे।

48 घंटे में दूसरी वारदात, पेशावर में रहते हैं करीब 15 हजार सिख

# पाक में अल्पसंख्यकों पर जुल्म पेशावर में सिख शख्स की हत्या

एजेंसी ▶▶ पेशावर

पाकिस्तान में हिंदी, सिख और ईसाई समुदाय की गिनती अल्पसंख्यकों में होती है। मुस्लिम बाहुल्य देश में अल्पसंख्यकों पर हमेशा से अत्याचार होते आया है। अब पेशावर में एक बार फिर से सिख समुदाय के एक शख्स की हत्या कर दी गई। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर जुल्म दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। ताजा घटना शनिवार की है जहां कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने पेशावर में एक सिख व्यक्ति मनमोहन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। मनमोहन पर उस समय हमला किया गया जब वो रशीद गढ़ी पेशावर शहर जा रहे थे।

### पाकिस्तान में रहते हैं 75 लाख हिंदू




पाकिस्तान में सिख समुदाय अल्पसंख्यक है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, मुस्लिम बाहुल्य देश में 75 लाख हिंदू रहते हैं। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग के अनुमान के अनुसार पाकिस्तान की पाकिस्तान की कुल आबादी में 96 फीसदी मुसलमान, 2.1 फीसदी हिंदू और 1.6 प्रतिशत ईसाई हैं। पाकिस्तान की अधिकांश हिंदू आबादी सिंध प्रांत में निवास करती है।

### 2018 में हुई थी चरणजीत सिंह की हत्या

इससे पहले 2018 में भी सिख समुदाय को निशाना बनाया गया था। तब कुछ अज्ञात हमलावरों ने सिख समुदाय के प्रमुख सदस्य चरणजीत सिंह की हत्या कर दी गई। इस घटना के ठीक दो साल बाद एक न्यूज चैनल के एंकर रविंदर सिंह की हत्या कर दी गई। साल 2016 में भी टारगेट किलिंग का मामला सामने आया। जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ से नेशनल असेंबली के सदस्य सोरेन सिंह की पेशावर में हत्या कर दी गई थी।

खदानों में काम कर रहे मजदूर गंवा रहे जान

# पाक में कोयला खदान बनी मौत की खान, 288 मजदूरों की मौत

एजेंसी ▶▶ बलूचिस्तान

पाकिस्तान के कोयला खदानों में काम कर रहे गरीब मजदूरों को लेकर एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। द बलूच सर्कल की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान की कोयला खदानों में काम कर रहे गरीब मजदूर सुविधाओं के अभाव के कारण हर दिन अपनी जान गंवा रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2022 में पाकिस्तान में हुई दुर्घटनाओं में 288 लोगों की जान चली गई, जिनमें से 166 लोग बलूचिस्तान के थे। इस साल के पहले पांच महीनों के दौरान बलूचिस्तान की कोयला खदानों में 18 दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 24 मजदूरों की मौत हो गई थी।



### कोयला खदान में फंसे दो मजदूर

बता दें कि बलूचिस्तान के उत्तर-पूर्व में स्थित डुक्की जिले के मिराज इलाके में दो मजदूर शराफ खान और अब्दुल बाकी पिछले डेढ़ महीने से करीब 900 फीट गहरी खदान में फंसे हुए हैं और अभी तक बाहर नहीं आ पाए हैं। उनके भाई अब्दुल बसीर का कहना है कि 4 मई को फंसे उनके भाई और चचेरे भाई के दुख-दर्द को दुनिया और मीडिया ने भी भुला दिया है। वे जमीन के भीतर फंसे हुए हैं।

### बलूचिस्तान में मौजूद हैं 3800 से अधिक कोयला खदानें


ऑल पाकिस्तान लेबर फेडरेशन की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे बलूचिस्तान में इस समय 3800 से अधिक कोयला खदानें सक्रिय हैं, जिनमें 100,000 से अधिक कर्मचारी हर साल दस मिलियन टन से अधिक कोयला निकालते हैं। सालाना आधार पर पाकिस्तान में खनन किए जाने वाले कुल कोयले का 50 प्रतिशत से अधिक अकेले बलूचिस्तान से खनन किया जाता है। द बलूच सर्कल के अनुसार, यह गंभीर चिंता का विषय है कि हर साल इन खदानों में पर्याप्त सुविधाओं की कमी के कारण सैकड़ों श्रमिक अपनी जान गंवा देते हैं और उनके पूरे परिवार को भी परेशानी उठानी पड़ती है, लेकिन वे कहते हैं कि गरीबों के जीवन का किसी के लिए कोई महत्व नहीं है।

मामला भारत में हथियार और 10 करोड़ रुपए का ड्रग्स भेजने का

# दाऊद के करीबी समेत 14 के खिलाफ चार्जशीट दायर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल दिसंबर में गुजरात एटीएस और एनसीबी की जॉइंट टीम ने पाकिस्तानी बोट से 10 करोड़ों रूपये की ड्रग्स और बड़ी संख्या में हथियार पकड़े थे। केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने पाकिस्तानी तस्करों के खिलाफ आज अहमदाबाद की स्पेशल एनआईए कोर्ट में चार्जशीट दायर की। ये चार्जशीट ड्रग माफिया और डॉन दाऊद इब्राहिम के बेहद करीबी हाजी सलीम और 13 अन्य के खिलाफ दायर की गई है। एनआईए ने बताया कि गुजरात एटीएस और एनसीबी ने पिछले साल 27 और 28 दिसंबर की रात को पाकिस्तान से गुजरात पोर्ट पहुंची एक फिशिंग बोट को जब्त किया था। इस पाकिस्तानी फिशिंग बोट से हथियारों का बड़ा जखीरा और ड्रग्स बरामद हुई थी। साथ ही मौके से 10 पाकिस्तानी तस्कर पकड़े गए थे। इसके अलावा ये कन्साइनमेंट हाजी सलीम, अकबर और करीम बख्श के नाम से आया था, उनके खिलाफ भी चार्जशीट दायर की गई है। दरअसल भारतीय जांच एजेंसियों को पुख्ता यकीन है कि हाजी सलीम ही दाऊद इब्राहिम है, जो नाम बदलकर ड्रग्स और हथियारों का हजारों करोड़ो रूपये का कन्साइनमेंट लगातार हिंदुस्तान भेज रहा है।



### क्या था पूरा मामला?

*गौरतलब है कि गुजरात एटीएस और एनसीबी को दिसंबर महीने में जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान से हाजी सलीम के नाम से करोड़ों रुपये की ड्रग्स और हथियारों का कन्साइनमेंट गुजरात के ओखा तट पर पहुंचने वाला है। जिसके तुरंत बाद एटीएस और एनसीबी की जॉइंट टीम ने 27 और 28 दिसंबर 2022 की रात पाकिस्तानी बोट जिस पर अल-सोहेली लिखा था, उससे 10 पाकिस्तानी तस्करों को करोड़ों रूपये की ड्रग्स और हथियारों के साथ पकड़ा था।*

**यह पकड़े गए पाकिस्तानी**

- कादरबख्श उमेतन बलूच
- अमानुल्ला मूसा बलूच
- इस्माइल सबजाल बलूच
- अल्लाहबख्श हतार बलूच
- गोहरबख्श दिलमुराद बलूच
- अम्माल फुल्लन बलूच

फ्लाइट में 17 क्रू मेंबर और 293 सवार थे यात्री उड़ान रोकी

# हांगकांग में टायर फटने से फ्लाइट ने उड़ान रोकी, 11 यात्री घायल

एजेंसी ▶▶ हांगकांग

एयरलाइन ने बताया कि हांगकांग से लॉस एंजिलिस जा रही फ्लाइट सीएक्स 880 तकनीकी समस्या के बाद लौट आई, जिसके चलते चालक दल को उड़ान रद्द करनी पड़ी। हांगकांग की विमान सेवा कैथे पैसिफिक की एक फ्लाइट दुर्घटना का शिकार हो गई। फ्लाइट को तकनीकी दिक्कतों के चलते शनिवार को इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने से रोक दिया गया। इमरजेंसी निकासी के दौरान 11 यात्री घायल हो गए। एयरलाइन ने बताया कि हांगकांग से लॉस एंजिलिस जा रही फ्लाइट सीएक्स 880 तकनीकी समस्या के बाद लौट आई, जिसके चलते चालक दल को उड़ान रद्द करनी पड़ी। फ्लाइट में 17 क्रू मेंबर और 293 यात्री सवार थे। मुताबिक, कैथे एयरलाइन ने एक बयान जारी कर बताया, विमान में सवार यात्रियों को चोटें गेट पर निकासी के दौरान आईं।



### टायर अत्यधिक गर्म होने से फटा

यात्रियों को विमान से बाहर निकालने के लिए पांच एस्केप स्लाइड का इस्तेमाल किया गया। अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती 11 यात्रियों में से 9 को छुट्टी दे दी गई है। हमारे सहयोगी अस्पताल में भर्ती दो अन्य यात्रियों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। हांगकांग पुलिस ने बताया कि विमान का एक टायर अत्यधिक गर्म हो गया था, जिसकी वजह से वो फट गया। ऐसे में यात्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए इमरजेंसी द्वार खोला गया। इस दौरान विमान से नीचे उतरने के दौरान कुछ यात्री घायल हो गए।

एक नज़र

## गोल्फर्स ने खेल में शानदार प्रदर्शन कर जीते पुरस्कार



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** गोल्फ टूर्नामेंट में गोल्फर्स ने शानदार शॉट्स लगाकर पुरस्कार जीते। ट्रॉफी हाथ में आई तो जोश और दोगुना हो गया। यह नजारा था जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब (आरजीसी) में दो दिवसीय चौथे मंथली गोल्फ टूर्नामेन्ट के आयोजन का। टूर्नामेंट के फाइनल्स आरजीसी मैदान पर खेले गए। विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को कुल 12 पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में रामबाग गोल्फ क्लब के कप्तान शिरिष सचेती, मानद सचिव हेम सिंह खंगारोत और एग्जीक्यूटिव कमेटी सदस्यों ने हिस्सा लिया। समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी दी गई।

इनको दिए पुरस्कारः टूर्नामेंट में बेस्ट वेटरन गोल्फर का पुरस्कार प्रताप सिंह (जयगढ़ हाऊस) और बेस्ट लेडीज गोल्फर का पुरस्कार इति चौधरी (अल्बर्ट हाऊस) ने जीता। टूर्नामेंट के विजेताओं को अलग-अलग हैंडीकेप्स की श्रेणियों में पुरस्कार (विजेता व उपविजेता दोनों को) प्रदान किए गए। इस दौरान हैंडीकैप कैटेगरी 00-11 में आमेर हाऊस से अभ्युदय रावत विजेता और जयगढ़ हाउस से अर्जुन कुच्छल उपविजेता रहे। हैंडीकैप कैटेगरी 12-18 में कमल एस. नरूका (जयगढ़ हाऊस) विजेता और उपविजेता उपेन्द्र बोथरा (आमेर हाऊस) थे। वहीं हैंडीकैप कैटेगरी 19-24 में राकेश चौधरी (अल्बर्ट हाऊस) विजेता और कृष यादव (जयगढ़ हाऊस) उपविजेता रहे।

## 'स्टेज' पर स्ट्रीम हुआ बचपन में दुल्हन बनी लड़की का संघर्ष



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** ओटीटी प्लेटफॉर्म स्टेज एप की नई राजस्थानी वेब सीरीज वकील साहिबा का प्रीमियर किया गया। झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर पर इस वेब सीरीज को स्क्रीनिंग के साथ रिलीज किया गया। इस मौके पर सीरीज की स्टारकास्ट के साथ स्टेज एप के ऑफिशियल मेंबर्स और राजस्थानी आर्टिस्ट्स उपस्थित रहे। सीरीज में बाल विवाह से जूझती लड़की का संघर्ष दिखाया है। डायरेक्शन और स्क्रिप्ट राइटिंग गजेंद्र शंकर श्रोत्रिय ने किया है।

कहानी की लीड एक्ट्रेस अपूर्वा चतुर्वेदी व लीड एक्टर संवद भट्ट हैं। इनके अलावा रमन मोहन कृष्णात्रेय, जया पांडे, अंजली त्रिपाठी, विशा पराशर, तपन भट्ट, अमित मेहरा, आकाश जोशी, मनीष कसाना ने शानदार काम किया है। डीओपी पुनीत धाकड़, एडिटर और असिस्टेंट डायरेक्टर दीपांशु गुप्ता और म्यूजिक राजीव थानवी का है। सीरीज की शूटिंग मुख्यत जयपुर और आसपास के इलाके में हुई है। स्टेज के हैड ऑफ मार्केटिंग कुणाल कुमरावत का कहना है, कि सिनेमा के क्षेत्र में जो क्रांति स्टेज ऐप ने शुरू की है वह आने वाले समय में राजस्थान में सिनेमा का रुख बदल देगी। साथ ही उभरते राजस्थानी कलाकारों को एक से बढ़कर एक अवसर देगी। हमारा उद्देश्य है कि राजस्थानी कलाकारों को बड़े शहरों में काम ढूंढने के नाम पर स्ट्रगल न करना पड़े।


### निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण, डेडलाइन पर वर्क के निर्देश

# CM का सिटी में 'स्मार्ट' दौरा

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** प्रदेश के मुखिया सीएम अशोक गहलोत प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों को लेकर मैराथन दौरे कर रहे हैं। इसी के चलते सीएम गहलोत ने रविवार को जयपुर शहर में अलग-अलग निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स का निरीक्षणकिया।

गहलोत ने इस दौरान पुरानी विधानसभा, सवाई मानसिंह टाउन हॉल में राजस्थान धरोहर संग्रहालय, श्री गोविंद देवजी मंदिर, सवाई मानसिंह चिकित्सालय में आईपीडी टॉवर, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेस के साथ ही गांधी दर्शन म्यूजियम पहुंचकर वहां चल रहे विकास कार्यों को जायजा लिया। विकास कार्यों की गति और प्रगति को लेकर अधिकारियों से सवाल-जवाब किए और दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीएम गहलोत ने अधिकारियों को डेडलाइन पर क्वालिटी वर्क करने को कहा। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रख रही है। सभी कार्य तेज गति से चल रहे हैं। कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही, बल्कि उन्हें प्रभावी रूप से लागू भी कर रही है। इसके लिए हमारे द्वारा बेहतर वित्तीय प्रबंधन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि म्यूजियम का कार्य ऐतिहासिक होगा। ऐसे कार्यों से पर्यटन और रोजगार बढ़ते हैं और राज्य की देश-दुनिया में अच्छी छवि बनती है। राज्य सरकार ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया है, जिससे प्रदेश में टूरिज्म सेक्टर को बूस्ट मिलेगा।



### पर्यटकों की सुविधाओं के बारे में जाना

सीएम गहलोत ने बड़ी चौपड़ के पास जलेब चौक स्थित पुरानी विधानसभा पहुंचकर विश्वस्तरीय राजस्थान धरोहर संग्रहालय के कार्यों का अवलोकन किया। यहां पर कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कार्यों की प्रगति की मॉडल्स और नक्शों के जरिए जानकारी दी। गहलोत ने हेरिटेज स्वरूप में ही निर्माणाधीन संग्रहालय में पर्यटकों की सुविधाओं के बारे में भी जाना। गौरतलब है कि यह संग्रहालय आधुनिक तकनीक से लैस होगा। यहां राजस्थान के प्रत्येक क्षेत्र की क्षेत्रीयता, चित्रकला, स्कल्पचर, स्मारकों, कला, संस्कृति, रहन-सहन, खानपान आदि की विशेषताओं को समाहित किया जा रहा है। यहां प्रत्येक गैलेरी थीम आधारित होगी।

### प्रगति की ली जानकारी

गहलोत ने एसएमएस अस्पताल में बन रहे 24 मंजिला आईपीडी टावर के कार्यों का अवलोकन किया। गहलोत ने कार्य की प्रगति को लेकर सकारात्मकता जताई और कहा कि निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने और राजस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं में यह चिकित्सालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसका कार्य अक्टूबर-नवम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रदेश में हैल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। वहीं सीएम गहलोत ने जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित निर्माणाधीन महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक का अवलोकन कर अधिकारियों से विद्यार्थियों के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही निर्माणाधीन राजकीय जयपुर महाविद्यालय और इसके तहत निर्मित किए जा रहे 200-200 सीट के छात्रावास, राजा रामदेव पोद्दार विद्यालय के निर्मणधीन छात्रावास, डॉ. राधाकृष्णन लाइब्रेरी एंड लर्निंग सेंटर और पोद्दार स्कूल के जीर्णोद्धार कार्यों का अवलोकन किया।

## जो लोकतंत्र पर सवाल उठा रहे... वे राष्ट्रवाद से कर रहे हैं बदसलूकी: उपराष्ट्रपति

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** एक दिवसीय दौरे पर जयपुर आए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अभी कुछ लोग विदेश जाकर भारतीय लोकतंत्र पर सवाल उठा रहे थे। वह भारत के लोकतंत्र को जीवंत नहीं बता रहे थे। यह सुनकर मुझे बहुत पीड़ा हुई। मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में नीति सभागार में कार्यक्रम को संबोधित करते उन्होंने कहा कि भारत एकमात्र देश है, जो पूरी तरह लोकतंत्र पर चलता है। गांव, पंचायत, जिला परिषद्, विधानसभा से लेकर संसद तक हम लोकतंत्र के आधार पर ही चल रहे हैं। बाहर जाकर जो इस तरह बात करता है। वह राष्ट्रवाद के साथ बदसलूकी कर रहा है, वहीं धनखड़ ने पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा पर कहा कि वहां भारतीय पीएम की मौजूदगी बहुत प्रभावशाली है। अब हम वैश्विक नेतृत्व के बराबर हैं। अब हमारा देश बदल गया हैं। हर सुविधा का देश में फायदा मिल रहा हैं।

### हमारा डिजिटल ट्रांसफर 1.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री का अमेरिका में स्वागत हुआ और उनके भाषण को सराहा गया। वह आज के भारत के उज्जवल भविष्य को दर्शाता है। आप बहुत भाग्यशाली हैं कि आप ऐसे समय के साक्षी है जब भारत उदय हो रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। यह अब रुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि साल 2020 में हमारा डिजिटल ट्रांसफर न के बराबर था। अमेरिका, फ्रांस और विकसित देशों के मुकाबले हम बहुत पीछे थे। 2022 में हमारा डिजिटल ट्रांसफर 1.3 ट्रिलियन डॉलर का रहा। इससे फर्क नहीं पड़ता कि अंक कितने हैं, लेकिन आज हम अमेरिका के डिजिटल ट्रांसफर से आगे हैं।



### भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि आज हमारा देश दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। 2047 में हम दुनिया में सबसे आगे होंगे। सभी देश भारत की ओर देख रहे हैं। हम एकलव्य हैं। भारत के लोगों का सामर्थ्य है कि 24 घंटे लगातार मेहनत कर सकते हैं।

### नशे से दूर रहे युवा तो भारत करेगा तरक्की

उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को नसीहत दी कि आप तनाव को हमेशा दूर रखें। अपने विचारों को लागू करें। आप यह कर लेंगे तो जीवन में सफलता अवश्य मिलेगी। मेहनत का कोई तोड़ नहीं है। विद्यार्थियों को व्यसनों और नशे से दूर रहना होगा तभी भारत तरक्की करेगा।

### युवा प्रोत्साहन कला शिविर में निर्मित कृतियों की प्रदर्शनी शुरू

## जयपुर में सजा 50 कलाकारों का सृजन



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** प्रदेशभर से आकर जयपुर में 50 कलाकारों ने आर्ट का परिचय दिया। उन्होंने अपने सृजन में कई मैसेज दिए और उच्च कला का प्रदर्शन किया।

अब उनका ये ही कलेक्शन और क्रिएटिव आर्ट राजस्थान ललित कला अकादमी की ओर से प्रदर्शित की जा रही है। इसकी शुरुआत शुक्रवार को अकादमी में की गई। गौरतलब है राज्य युवा प्रोत्साहन कला शिविर का आयोजन 12 से 14 जून तक अकादमी संकुल में किया गया था।

### प्रदेश भर के कलाकार हैं शामिल

अकादमी अध्यक्ष लक्ष्मण व्यास ने बताया कि शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों से 50 कलाकारों को आमंत्रित किया गया था। आमंत्रित कलाकारों ने यहां कलाकृतियों का निर्माण किया। शिविर में निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरोज कोचर अध्यक्ष संस्कृत अकादमी द्वारा किया गया। विशिष्ठ अतिथि कलाविंद राधा बल्लभ गौतम व विभागाध्यक्ष आरयू रजत पंडेल रहे। प्रदर्शनी संयोजक अमित हारित, कोषाध्यक्ष चन्द्रशेखर सैन, लाखन सिंह जाट, पुरखाराम, पंकज यादव सहित शिविर में भाग लेने वाले अधिकांश स्थानीय कलाकार मौजूद थे। अब यह प्रदर्शनी दर्शकों के अवलोकनार्थ 28 जून तक सुबह 11 से शाम 6 बजे तक निःशुल्क खुली रहेगी। ऐसे में युवा कलाकार यहां आकर सीनियर आर्टिस्ट की आर्ट बारीकियों को जान सकते हैं। इससे उनको भविष्य में अपने सृजन को निखारने में मदद मिलेगी।

### भरतपुर: 21.08 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

# कई योजनाएं ऐसी, जो राजस्थान के अलावा किसी भी राज्य में नहीं: CM

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा शुक्रवार को एक दिवसीय भरतपुर दौरे पर पहुंचे। सीएम गहलोत ने 16.30 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और 4.78 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण कर हर वर्ग तक राहत पहुंचाई। इस दौरान मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार जनभावना के अनुरूप सभी वर्गों के विकास के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही हैं। राजस्थान चहुंमुखी विकास के कारण देशभर में मॉडल स्टेट बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि राज्य की अनूठी योजनाओं की देशभर में चर्चा है। कई योजनाएं ऐसी हैं जो राजस्थान के अलावा देश के किसी भी राज्य में संचालित नहीं हैं। गहलोत ने कुम्हेर तहसील के सैंत गांव में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डीग को जिला बनाने से क्षेत्र में प्रशासनिक इकाइयों का विकेन्द्रीकरण होगा और लोगों को अपने कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। देशभर में लगातार बढ़ रही महंगाई को लेकर कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार पर जुबानी हमला बोल रही है। राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि यूपीए राज में सिलेंडर पर 5 से 10 रुपए बढ़ने पर तो स्मृति ईरानी सिलेंडर लेकर घूमती थी, लेकिन मोदी राज में सिलेंडर की कीमतों में लगातार ईजाफा हो रहा है। आज हालात यह है कि सिलेंडर की कीमत 1100 रुपए पार कर गई है, लेकिन यूपीए राज में सिलेंडर लेकर घूमने वाली स्मृति ईरानी अब कहां है? रंधावा ने कहा राजस्थान में जब-जब भी कांग्रेस की सरकार आई है, पेंशन बढ़ी है। भाजपा राज में कभी पेंशन में बढ़ोतरी नहीं की गई।



### ये विकास कार्य भी जल्द होंगे शुरू

सीएम ने कहा कि जल्द ही भरतपुर में महाराजा सूरजमल पैनोरमा और राजकीय संग्रहालय का कार्य शुरू किया जाएगा। राज्य सरकार ने रानी अवंती बाई लोधी विकास बोर्ड का गठन करने की घोषणा भी की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सैंत का नामकरण रानी अवंती बाई लोधी के नाम पर करने और इस विद्यालय में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का परीक्षा केन्द्र स्थापित करने, सैंत में अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की घोषणा की। स्थानीय लोगों ने डीग को नवीन जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री का स्वागत और अभिनन्दन किया। सीएम ने महंगाई राहत केंप में लाभार्थियों से संवाद किया। पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री रमेशचन्द मीणा, तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, विधायक वाजिब अली सहित अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### भरतपुर में साढ़े चार साल में विकास की कई सौगातें

मुख्यमंत्री ने कहा कि भरतपुर जिले में पिछले साढ़े चार साल में अभूतपूर्व विकास हुआ है। डीग को नया जिला घोषित किया गया है। जिले में 2 नवीन उपखण्ड, 6 नवीन तहसील, 6 नवीन उप तहसील और 2 नई नगर पालिकाएं बनाई गई हैं। साथ ही लगभग 250 करोड़ रुपए की लागत से 67 उप स्वास्थ्य केन्द्र, 22 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और 2 उप जिला अस्पताल खोले गए हैं। इसी प्रकार 150 करोड़ रुपए की लागत से आरबीएम अस्पताल में नया ब्लॉक बनाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि जिले में 119 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल, 15 आवासीय छात्रावास बन रहे हैं और 21 विभिन्न कॉलेज खोले गए हैं। 10 नए खेल स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, इससे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। 400 केवी और 220 केवी के एक-एक 132 केवी के चार और 33 केवी के 13 विद्युत ग्रिड सब स्टेशन बनाए जा रहे हैं। डीग-कुम्हेर तक चम्बल का पानी पहुंचाने का काम चल रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)